राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
सत्य, निष्पक्ष भारत

नई दिल्ली, उत्तराखंड व हरियाणा से प्रकाशित

उत्तम भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 10 ▸▸ अंक: 310 ▸▸ नई दिल्ली ▸▸ बुधवार, 25 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI No. DELHIN/2017/75336



जहाज में झांका तो हुआ बवाल.....

पंजाब में अकाली-भाजपा फिर एक हुए

पीएम मोदी ने फोन कर जताई खुशी



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक दिन पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए के विस्तार की जानकारी दी गई तो उन्होंने बेहद खुशी जाहिर की और सुखबीर सिंह बादल को फोन किया। प्रधानमंत्री ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि अकाली दल के साथ आने से ही एनडीए पूरा होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सुखबीर सिंह बादल के बीच तथा अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और प्रकाश सिंह बादल के बीच वर्षों पुराना और गहरा रिश्ता रहा है। भाजपा और अकाली दल के बीच भी लंबे समय से मजबूत राजनीतिक संबंध रहे हैं।

पंजाब को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा गठबंधन : मोदी



नई दिल्ली स्थित मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने अन्य नेताओं के साथ मिलकर हाथ ऊपर उठाए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा-शिरोमणि अकाली दल गठबंधन को फिर से बहाल करने की घोषणा की गई। फोटो : अम्लान पालीवाल

शैलेंद्र कुमार शर्मा/उत्तम भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल के बीच फिर से गठबंधन होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन स्वाभाविक है और पंजाब के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सर्वोपरि है। उन्हें खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल की एनडीए परिवार में वापसी हो रही है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन एक स्वाभाविक गठबंधन है। यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब को जनहितैषी शासन मिले और राज्य प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और सरदार प्रकाश सिंह बादल द्वारा सींचा गया अकाली दल-भाजपा गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि यह गठबंधन पंजाब के लोगों की पहली पसंद बनेगा।

बता दें कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गठबंधन का ऐलान किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की मौजूदगी में गठबंधन की घोषणा की।

भाजपा मुख्यालय पहुंचे सुखबीर बादल, अमित शाह से की मुलाकात

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंगलवार दोपहर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की।

इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ और अश्वनी शर्मा भी मौजूद रहे।

अकाली दल एनडीए के सहयोगी के रूप में करेगा काम : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कक्ष में दोनों दलों के नेताओं की बैठक हुई। इसमें अकाली दल और भाजपा के गठबंधन पर चर्चा की गई। दोनों दलों ने फैसला किया है कि अगला पंजाब विधानसभा चुनाव भाजपा और अकाली दल मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज से अकाली दल एनडीए के सहयोगी के रूप में राजनीति में काम करेगा। अमित शाह ने कहा कि जब पूरा देश श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व मना रहा है, ऐसे समय में सबसे पुराने सहयोगी अकाली दल की एनडीए में वापसी सभी के लिए आनंद का विषय है। उन्होंने सुखबीर सिंह बादल और अकाली दल के सभी नेताओं का एनडीए में स्वागत किया।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं : पुष्कर सिंह धामी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरु गोविंद नगर, रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने संगत और प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं सत्य, सेवा, ईमानदारी और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव की तीन प्रमुख शिक्षाएं नाम जपो, किरत करो और वंड छको हमें परमात्मा का स्मरण करने, ईमानदारी से मेहनत करने और अपनी कमाई जरूरतमंदों के साथ साझा करने का संदेश देती हैं। सिख परंपरा की 'सरबत दा भला' की भावना सभी के कल्याण और सुख की कामना करना सिखाती है।

उन्होंने कहा कि सिख समाज ने देश की रक्षा, सेवा और आपदा राहत कार्यों में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों से सिख श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान मिला है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड स्थित श्री हेमकुंट साहिब विश्वभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। केंद्र सरकार ने गोविंदघाट से हेमकुंट साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबे रोपवे निर्माण को मंजूरी दी है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरबख्श सिंह राजन, महासचिव गुलजार सिंह, बलजीत सोनी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में साध संगत मौजूद रही।



मुयख्मंत्री ने प्रकाश पर्व पर रेसकोर्स गुरुद्वारे में टेका मत्था, हेमकुंट साहिब रोपवे को बताया श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात

नितिन नवीन और हर्ष ने गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में माथा टेका

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। श्री गुरू नानक देव जी की 557वीं प्रकाश पर्व जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में हाजरी लगाकर माथा टेका और देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए अरदास की। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। तीनों नेताओं ने गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन श्रवण किया। गुरुद्वारा प्रबंधन ने गुरू परंपरा के अनुसार नितिन नवीन को सम्मान स्वरूप सरोपा भेंट किया।

उनके साथ हर्ष मल्होत्रा एवं मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी गुरू पर्व पर गुरुद्वारा साहिब पहुंचे

श्री गुरू नानक देव ने जात-पात, ऊंच-नीच के भेद को मिटाकर सत्य का मार्ग दिखाया : नितिन



इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने नितिन नवीन का स्वागत करते हुए कहा कि गुरू नानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही देश एकता और भाईचारे की डोर में बंध सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह, निगम पार्षद योगिता सिंह, पंजाबी एकेडमी के उपाध्यक्ष सरदार इमप्रीत सिंह बख्शी और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता यासिर जिलानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं संगत इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे। नितिन नवीन ने कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने हमें एक ओंकार, एक ज्योति का संदेश दिया। गुरू जी ने जात-पात, ऊंच-नीच के भेद को मिटाकर नाम जपो, कीरत करो, वंड छको का मार्ग दिखाया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने गुरू नानक देव जी की 557वीं जयंती पर समस्त दिल्लीवासियों को हार्दिक बधाई दी। सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने समस्त संगत को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाइयां दीं। उन्होने कहा गुरू नानक देव जी का संदेश सबदा भला ही हमारी सरकार का संकल्प है। गुरुद्वारों की मयार्दा और सिख विरासत को संरक्षित करने के लिए हम सदैव तत्पर हैं।

भ्रष्टाचार पर धामी का सख्त संदेश

बोले मुख्यमंत्री- रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं, विजिलेंस को खुली

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। रिश्वतखोरी हो या सरकारी कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में विजिलेंस को स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्रवाई की पूरी छूट दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह और ईमानदार शासन व्यवस्था स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार के मामलों में केवल छोटे कर्मचारियों ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में पद, प्रतिष्ठा और प्रभाव को आड़े नहीं आने दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में सतर्कता विभाग ने रिश्वतखोरी, आय से अधिक संपत्ति और सरकारी कार्यों में अनियमितताओं से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज की है। ट्रैप कार्रवाई के दौरान रिश्वत लेते अधिकारियों और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। कई मामलों में विभागीय कार्रवाई और निलंबन जैसे कदम भी उठाए गए हैं।

सिख गुरुओं के बलिदान ने भारत की संस्कृति और पहचान को सुरक्षित रखा : योगी

उत्तम भारत संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान से भारत की पहचान सुरक्षित है। देश और धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने जो बलिदान दिया, वह भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उनकी परंपरा ने न केवल आस्था और संस्कृति की रक्षा की, बल्कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी दिया। जब तक भारत सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखेगा, दुनिया की कोई भी ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को ऐशबाग रोड स्थित डीएवी पीजी कॉलेज मैदान में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सिख समाज को दी प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार और जनता की ओर से सिख समाज को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। अमृतसर के हेड ग्रंथी ज्ञानी केवल सिंह और सिख समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, तलवार और गुरु नानक देव जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।



गुरु नानक देव ने दिया मानवता और समानता का संदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज ने मानवता को जोड़ने और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने देशभर में यात्राएं कर ह्यएक ओंकारह्ण का संदेश दिया। ईश्वर एक है और सभी मनुष्य उसकी संतान हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति समान सम्मान का अधिकारी है। सच्ची आध्यात्मिकता पलायन नहीं सिखाती, बल्कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध निर्भीक होकर खड़े होने की प्रेरणा देती है। सिख गुरुओं की परंपरा इसी साहस, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरु नानक देव जी के तीन प्रमुख सिद्धांतों नाम जपो, कीरत करो और वंड छको का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज को नई दिशा मिली। ईश्वर का स्मरण, ईमानदारी से परिश्रम और अपनी कमाई में दूसरों को भागीदार बनाना जीवन को सार्थक बनाता है। गुरुद्वारों में चलने वाली लंगर व्यवस्था इसका जीवंत उदाहरण है। यहां जाति, मत और मजहब का भेद किए बिना सभी लोग एक साथ पंगत में बैठकर भोजन करते हैं। यह समानता और सेवा की भावना भारतीय समाज की बड़ी शक्ति है।

मुख्यमंत्री आवास में सात वर्ष से मनाया जा रहा वीर बाल दिवस

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ के गुरुद्वारों के सहयोग से मुख्यमंत्री आवास में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई थी। गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के बाद से मुख्यमंत्री आवास में वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आज पूरा देश गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के त्याग और बलिदान को नमन कर रहा है।

ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब जाने की जताई कामना

मुख्यमंत्री ने कामना की कि लखनऊ के श्रद्धालुओं को ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का दिन अत्यंत पवित्र है।

कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर्व को सेवा, परोपकार, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बताते हुए सभी के जीवन में सकारात्मकता और खुशहाली की कामना की। वहीं, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, दिल्ली और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने भी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को पर्व की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप सभी को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन पर्व में सेवा के माध्यम से परोपकार का संदेश निहित है। पवित्र स्नान, दान-पुण्य और दीपदान से समृद्ध यह परंपरा सभी के जीवन में श्रद्धा, आस्था और सकारात्मकता का संचार करे, यही मंगलकामना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर लिखा, समस्त देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, सनातन आस्था, अध्यात्म एवं संस्कृति की दिव्य आभा से आलोकित देव दीपावली की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। बाबा श्री विश्वनाथ एवं मां गंगा की कृपा से यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख-सौभाग्य, आध्यात्मिक ऊर्जा व आरोग्यता का प्रकाश फैलाए, यही प्रार्थना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा, भारत की प्राचीन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना व लोक-आस्था के पावन पर्व ह्यकार्तिक पूर्णिमाह्ण की समस्त श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मां गंगा एवं भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा से श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक प्रकाश का यह पुण्य पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्यता का संचार करे, यही प्रार्थना है।



श्रद्धा और आस्था का प्रतीक

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, लोक-आस्था एवं श्रद्धा के पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! बाबा श्री विश्वनाथ एवं मां गंगा की कृपा से यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का प्रकाश फैलाए, यही कामना है।

रेखा गुप्ता ने धर्म, सेवा और समरसता का संदेश दिया

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, सनातन संस्कृति की दिव्य चेतना और हमारी चिरंतन आध्यात्मिक परंपरा के पावन पर्व देव दीपावली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

यह दिव्य दीपोत्सव हमारी उस सनातन जीवनदृष्टि का प्रतीक है, जो अंधकार से प्रकाश, स्वार्थ से परमार्थ और व्यक्ति से समष्टि के कल्याण का मार्ग दिखाती है। इस पावन अवसर पर प्रत्येक हृदय में धर्म, सेवा, समरसता और लोकमंगल की भावना का प्रकाश प्रज्वलित हो। देवाधिदेव महादेव की कृपा से समस्त चराचर जगत में सुख, शांति और मंगल का वास हो।

पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को दी देव दीपावली की बधाई

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, समस्त प्रदेशवासियों को देव दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। समस्त देवी-देवताओं से प्रार्थना है कि यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली का प्रकाश लेकर आए तथा प्रदेश में सुख-समृद्धि, सौहार्द और सकारात्मकता का उजियारा सदैव बना रहे।

गुरु नानक देव का समानता व सेवा का संदेश आज भी प्रासंगिक: विजेंद्र गुप्ता

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि गुरु नानक देव की समानता, करुणा और निःस्वार्थ सेवा की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी सदियों पहले थीं। उनका संदेश हमें स्मरण कराता है कि मानवता जाति, पंथ और धर्म के सभी भेदभावों से ऊपर है तथा सच्ची आस्था का वास्तविक अर्थ दूसरों की सेवा में निहित है।



विजेंद्र गुप्ता ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर मंगलवार को गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में माथा टेका और दिल्ली तथा देश की जनता की शांति, समृद्धि एवं कल्याण के लिए अरदास की। गुप्ता ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाओं ने सामाजिक भेदभाव को चुनौती दी और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा एवं समानता को प्रतिष्ठित किया। उन्होंने नाम जपो, किरत करो और वंड छको के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सिद्धांत ईश्वर के स्मरण, ईमानदारी से आजीविका अर्जित करने और दूसरों के साथ मिल-बांटकर रहने की भावना पर बल देते हैं। ये सिद्धांत आज भी करुणा, आपसी सम्मान और सामूहिक उत्तरदायित्व पर आधारित समाज के निर्माण के लिए नैतिक आधार प्रदान करते हैं।

अपने दौरे के दौरान अध्यक्ष ने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के ऐतिहासिक महत्व को भी स्मरण किया। यह पवित्र स्थल वर्ष 1675 में शहादत के बाद गुरु तेग बहादुर के पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार की स्मृति से जुड़ा है। नौवें सिख गुरु का अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धार्मिक आस्था की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का एक अमिट अध्याय है। सिख गुरुओं की विरासत आज भी पीढ़ियों को न्याय, मानवीय गरिमा और धार्मिक सद्भाव के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। गुप्ता ने कहा कि गुरु नानक देव का सरबत दा भला अर्थात सर्वजन कल्याण का संदेश सार्वभौमिक है और धार्मिक सीमाओं से परे समस्त मानवता को जोड़ता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे दया, ईमानदार आचरण और निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से गुरु जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें।

जल बोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज छूट योजना का 5,66,349 उपभोक्ता ने उठाया लाभ

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) छूट योजना के माध्यम से घरेलू परिवारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बड़ी आर्थिक राहत मिल रही है। साथ ही उपभोक्ता स्वेच्छा से अपने लंबे समय से लंबित पानी के बिलों का भुगतान करने के लिए आगे आ रहे हैं। योजना के ताजा आंकड़ों के अनुसार, घरेलू और व्यावसायिक श्रेणियों के कुल 5,66,349 उपभोक्ता इसका लाभ उठा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं को 3,618.73 करोड़ रुपये की एलपीएससी छूट दी गई है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड को बकाया बिलों के मूलधन राशि के रूप में 1,076.15 रुपये करोड़ प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक श्रेणी में भी उपभोक्ताओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली है। इस श्रेणी के लिए योजना बाद में शुरू की गई थी, इसके बावजूद हजारों व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने आगे आकर इसका लाभ उठाया है।

घरेलू उपभोक्ता (श्रेणी-क) - कुल 13,39,018 पात्र घरेलू उपभोक्ताओं में से 5,48,074 उपभोक्ता योजना का लाभ उठा चुके हैं। इस प्रकार लगभग 41 प्रतिशत पात्र घरेलू उपभोक्ताओं ने योजना में भागीदारी की है। इस श्रेणी से दिल्ली जल बोर्ड को मूलधन के रूप में 854.54 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जबकि उपभोक्ताओं को 1,886.89 करोड़ रुपये की एलपीएससी छूट दी गई है। व्यावसायिक उपभोक्ता (श्रेणी-कक्क) - कुल 70,312 पात्र व्यावसायिक उपभोक्ताओं में से 18,275 उपभोक्ता योजना का लाभ उठा चुके हैं।

नशीले इंजेक्शन और टैबलेट के साथ एक आरोपी दबोचा

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले की शाहबाद डेयरी थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ब्यूप्रेनॉर्फिन और नालोक्सोन की 92 टैबलेट (8.55 ग्राम) तथा फेनिरामाइन मैलेट इंजेक्शन की 26 शीशियां बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी सक्सेना ने बताया कि 20 नवंबर को शाहबाद डेयरी थाने की टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सेक्टर-26 रोहिणी में ग्राम सभा की पीछे खाली जमीन के पास एक युवक को बैग लेकर संदिग्ध हालात में जाते देखा। पुलिसकर्मियों को देखकर वह तेजी से वहां से निकलने लगा। पुलिस टीम ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश बताया। पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली। उसमें टैबलेट और इंजेक्शन की शीशियां रखी थीं। जांच करने पर टैबलेट पर ब्यूप्रेनॉर्फिन और नालोक्सोन सबलिंगुअल टैबलेट आईपी (वर्नोर-एन) लिखा मिला, जबकि इंजेक्शन की शीशियों पर फेनिरामाइन मैलेट इंजेक्शन आईपी अंकित था। पुलिस ने सभी टैबलेट और इंजेक्शन की शीशियों को जब्त कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी के खिलाफ बेगमपुर थाने में चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर बरामद दवाओं के स्रोत और उनकी सप्लाई कहां की जानी थी, इसका पता लगा रही है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

जामा मस्जिद थाने की सुरक्षा सख्त, बिना पूछताछ के प्रवेश बंद

नई दिल्ली। जामा मस्जिद थाने के भीतर पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमले की घटना के बाद थाने की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। अब थाने के प्रवेश द्वार पर आने वाले लोगों से पूछताछ और उनके आने का कारण जानने के बाद ही अंदर जाने दिया जा रहा है। बिना जांच-पड़ताल किसी को भी थाने में प्रवेश नहीं मिल रहा है। घटना के बाद इलाके में तनाव और दहशत का माहौल देखते हुए आरएएफ की एक टुकड़ी भी तैनात की गई है। गौरतलब है कि सोमवार को जामा मस्जिद थाने में पारिवारिक विवाद के सिलसिले में काउंसलिंग के लिए बुलाए गए नबील ने अचानक पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इसके बाद आरोपी थाने से बाहर निकलकर स्कूटी लूटकर फरार हो गया था। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने फिर पुलिसकर्मियों पर हमला किया।

क्रिप्टो करेंसी बेचने के बहाने कारोबारी से 5 लाख की ठगी

चार गिरफ्तार, बाइनेंस पर फर्जी खरीदार बनकर करते थे संपर्क



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी खरीदने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। एक कारोबारी से पांच लाख की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अतुल मीणा, जगमोहन मीणा, नरेंद्र कुमार मीणा और मनीष मीणा के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़ित की ठगी गई पूरी रकम वापस करा दी है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि साइबर थाने में दो जुलाई को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि छह जून को उसने बाइनेंस (क्रिप्टो करेंसी खरीदने व बेचने के लिए ऑनलाइन मंच) पर यूएसडीटी बेचने का ऑर्डर दिया था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने खरीदार बनकर उससे संपर्क किया। इसके बाद वह बातचीत सोशल मीडिया एप के जरिये करने लगा। आरोपी ने फिशिंग लिंक के जरिये उसके क्रिप्टो करेंसी वॉलेट से 4,985 यूएसडीटी निकाल लिए, जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपये थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरोह राजस्थान के अलवर से संचालित हो रहा था। आरोपी आसपास के गांवों के युवकों को मुनाफे में हिस्सेदारी का लालच देकर अपने साथ जोड़ते थे। ये युवक दूसरे लोगों से बाइनेंस के खाते किराये पर लेते थे और क्रिप्टो करेंसी बेचने के इच्छुक लोगों को तलाशने के लिए सोशल मीडिया पर विज्ञापन डालते थे।

जीटीबी अस्पताल में व्यवस्थाओं पर प्रशासन का स्पष्टीकरण, आरोपों को बताया निराधार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिलशाद गार्डन स्थित गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्थाओं को लेकर मीडिया और सोशल मीडिया में उठ रहे सवालों पर अपना पक्ष रखा है। प्रशासन ने कई आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि अस्पताल के रिकॉर्ड में इनकी पुष्टि नहीं होती है और बिना पूरी जानकारी के निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इमरजेंसी विभाग को राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय आवश्यक समीक्षा व मंजूरी के बाद लिया गया था। वहां मरीजों के लिए सीटी स्कैन, एक्स-रे, लैब और सुपर स्पेशियलिटी इलाज सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इमारत के रखरखाव पर जानकारी देते हुए बताया गया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सहयोग से सुधार कार्य जारी है। कमजोर प्लास्टर वाले हिस्सों को हटवा दिया गया है और अब उनकी मरम्मत कराई जाएगी। वेंटीलेटर की उपलब्धता पर स्पष्ट किया गया कि पूर्व में खरीदे गए उपकरणों के साथ-साथ कोरोना काल में दान मिले वेंटीलेटर भी उपयोग में लाए जा रहे हैं, जिनकी जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है।

इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए अनुबंध व आउटसोर्सिंग के माध्यम से पैरामेडिकल स्टाफ और नियमित साक्षात्कार के जरिए रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है। प्रशासन ने दोहराया कि शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और मरीजों को बेहतर उपचार देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर तक होंगे शहीदी समागम

नई दिल्ली। गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में मुख्य समागम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर माथा टेका। उधर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता की सेवा, ईमानदारी और मेहनत से कमाई करने का संदेश दिया। गुरु साहिब की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाती हैं। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के साथ ही गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के समापन समागमों की तैयारियां भी की जा रही हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 27 नवंबर को गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में विशाल कवि दरबार आयोजित किया जाएगा, जबकि 29 नवंबर को आगरा स्थित गुरुद्वारा गुरु का ताल से नगर कीर्तन दिल्ली पहुंचेगा।

दिल्ली एयरपोर्ट पर दौड़ेगी चालक रहित एयर ट्रेन, छह स्टेशनों से जुड़ेंगे सभी प्रमुख हिस्से

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर यात्रियों को एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक पहुंचने के लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एयरपोर्ट पर चालक रहित स्वचालित ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू हो गई है।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने ऑटोमेटेड पीपल मूवर (एपीएम) परियोजना के लिए वैश्विक स्तर पर निविदा जारी की है। करीब 7.3 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के बनने से एयरपोर्ट के प्रमुख टर्मिनल और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच यात्रियों की आवाजाही आसान होगी। परियोजना में छह स्टेशन बनाए जाएंगे। साथ ही इसे मौजूदा मेट्रो सेवाओं से भी जोड़ा जाएगा।



5.3 किलोमीटर हिस्सा जमीन से ऊपर बनेगा

प्रस्तावित एयर ट्रेन कॉरिडोर की कुल लंबाई करीब 7.3 किलोमीटर होगी। इसमें 5.3 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड यानी जमीन से ऊपर और करीब दो किलोमीटर हिस्सा जमीन के स्तर पर बनाया जाएगा। इस स्वचालित परिवहन व्यवस्था का उद्देश्य एयरपोर्ट पर लगातार बढ़ रहे यात्रियों के दबाव को देखते हुए विभिन्न टर्मिनलों और दूसरी सुविधाओं के बीच तेज और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना है।

इन छह स्थानों पर बनेंगे स्टेशन

एयर ट्रेन कॉरिडोर पर कुल छह स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनके जरिये एयरपोर्ट के प्रमुख हिस्सों को आपस में जोड़ा जाएगा। इनमें टर्मिनल-3, कार्गो टर्मिनल, डाउनटाउन एयरोसिटी, एयरोसिटी, हॉस्पिटैलिटी डिस्ट्रिक्ट और टर्मिनल-1 शामिल हैं।

प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पूरा दिन मत्था टेकने का सिलसिला रहा जारी, जगह-जगह सजे लंगर, गुरुद्वारों और घरों में की गई रोशनी

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर मंगलवार को राजधानी के गुरुद्वारों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही गुरुद्वारों में मत्था टेकने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। सुबह चार बजे से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का गुरुद्वारों में आने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों में मत्था टेककर गुरु नानक देव का आशीर्वाद लिया और सरबत के भले की अरदास की। राजधानी के विभिन्न गुरुद्वारों में सबसे अधिक श्रद्धालु गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब पहुंचे।

प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारों में सुबह से ही गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया गया। संगत ने कीर्तन में शामिल होकर गुरु नानक देव की शिक्षाओं को याद किया। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान किया और एक-दूसरे को गुरु पर्व की बधाई दी। इस दौरान कई स्थानों पर युवाओं ने दस्तार सजाने की सेवा भी शुरू की। श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर खुशी जाहिर की और फल व मिठाइयां बांटीं।



नगर कीर्तन में शामिल हुई संगत

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सिंह सभाओं की ओर से नगर कीर्तन निकाले गए। नगर कीर्तन में पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब के दर्शन कर माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन के रास्ते में जगह-जगह संगत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से लंगर भी वितरित किया।

ट्रेड फेयर का असर, ब्लू लाइन पर बढ़े 1.16 लाख यात्री



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) का असर दिल्ली मेट्रो की यात्रियों की संख्या पर दिखने लगा है। गत रविवार को ब्लू लाइन पर करीब 14.21 लाख यात्रियों ने सफर किया। यह पिछले एक महीने के दौरान रविवार को दर्ज औसत 13.05 लाख यात्रियों की तुलना में करीब 1.16 लाख अधिक है। इस तरह यात्रियों की संख्या में लगभग 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

माना जा रहा है कि यात्रियों की संख्या बढ़ने की प्रमुख वजह ट्रेड फेयर है। रविवार की छुट्टी होने के कारण बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ मेला देखने पहुंचे। दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के नोएडा, गाजियाबाद और अन्य शहरों से भी लोग भारत मंडपम पहुंच रहे हैं। ऐसे में मेट्रो उनके लिए सुविधाजनक आवागमन का साधन बनी हुई है।

ब्लू लाइन दिल्ली मेट्रो के सबसे व्यस्त कॉरिडोर में शामिल है। यह दिल्ली को नोएडा और गाजियाबाद से जोड़ती है। ट्रेड फेयर में आने वाले लोगों के लिए यह कॉरिडोर काफी उपयोगी साबित हो रहा है। राजीव चौक और मंडी हाउस जैसे प्रमुख इंटरचेंज स्टेशनों के जरिये भी बड़ी संख्या में यात्री भारत मंडपम की ओर पहुंच रहे हैं। ट्रेड फेयर के आगामी दिनों में भी जारी रहने के कारण मेट्रो में यात्रियों की संख्या अधिक रहने की संभावना है।

प्रदूषण पर नियंत्रण करना सिर्फ दिल्ली की जिम्मेदारी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रदूषण को कम करने की जिम्मेदारी अकेले दिल्ली की नहीं है। शीर्ष अदालत ने प्रदूषण को कम करने के मुद्दे पर सुस्त रवैया अपनाने के लिए पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की है। इस बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर 23.6 लाख से ज्यादा ऐसी गाड़ियां चल रही हैं, जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है। आयोग ने कहा है कि बीएस-6 मानकों को पूरा करने वाले वाहनों की तुलना में पुराने वाहनों से अधिक प्रदूषण फैलाती हैं।

देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी मोहना की पीठ ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की खिंचाई करते हुए इन राज्यों से प्रदूषण कम करने के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने और सुनवाई के दौरान अपने-अपने महाधिवक्ता की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा है। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए, सीजेआई ने जोर देकर ह्याप्रदूषण की समस्या से निपटने की जिम्मेदारी सिर्फ दिल्ली की नहीं हो सकती, पड़ोसी राज्यों को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पड़ोसी राज्य प्रदूषण नियंत्रित करने की इस प्रक्रिया में इतने निष्क्रिय क्यों हैं? वे इसमें सक्रिय रूप से शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं? पीठ ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई पर उनके महाधिवक्ता अदालत में मौजूद रहना चाहिए। पीठ ने ह्यपड़ोसी राज्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा आप हमें हमेशा पीछे बैठने वालों यानी बैकबेंचर की तरह व्यवहार करते हैं। आप सभी जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते?

मामले की सुनवाई पर अपने महाधिवक्ता की मौजूदी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने राज्यों को यह बताने के लिए विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया कि वे एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। पीठ ने इसका विस्तृत ब्यौरा देने को कहा है। पीठ ने राज्यों से उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी सवाल किया और कहा कि एनसीआर में प्रदूषण को कम करने की जिम्मेदारी के लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत है।



बीएस-6 मानक के अनुपालन की शर्तों को पूरे एनसीआर में लागू करने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान बीएस-6 मानक के अनुपालन की शर्तों को दिल्ली से आगे पूरे एनसीआर में क्षेत्र में लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसा कदम प्रदूषण को कम करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। पीठ ने मामले सुनवाई के दौरान सवाल किया कि ह्यक्या दिल्ली में कमर्शियल वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह रोका जा सकता है? साथ ही कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शहर के लिए जरूरी सामानों की आपूर्ति पर कोई असर न पड़े। पीठ ने माना कि दिल्ली सब्जियों, भोजन और रोजमर्रा की अन्य जरूरतों के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है।

इसलिए एक वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया, जिसमें सीमाओं के पास वेयरहाउसिंग और स्टॉक करने की सुविधाएं हों, और शहर के अंदर सामान लाने के लिए कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का इस्तेमाल किया जाए।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा ह्यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि कमर्शियल वाहन दिल्ली में बिल्कुल भी प्रवेश न करें? लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दिल्ली के लोगों को इन चीजों की जरूरत नहीं है... उन्हें बहुत सी चीजों की आवश्यकता होती है। उन्हें सब्जियां चाहिए, भोजन चाहिए और रोजमर्रा की अन्य जरूरी चीजें चाहिए। इसलिए, हर चीज उपलब्ध करानी होगी। तो इसका विकल्प क्या हो सकता है? क्या ऐसा कुछ हो सकता है कि सीमाओं पर ही वेयरहाउसिंग और स्टॉक करने की सुविधा हो... और शहर के अंदर सामान लाने के लिए बैटरी से चलने वाले या प्रदूषण न फैलाने वाले वाहनों का उपयोग किया जाए? हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था इस साल या अगले साल संभव न हो, लेकिन इसे पांच साल के भीतर क्यों नहीं लागू किया जा सकता? पांच साल के भीतर ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता?

गुरु नानक देव जी का दर्शन पूरी मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ: मुख्यमंत्री

● प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब पहुंचकर मत्था टेका

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को श्री गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर दिल्लीवासियों और देशवासियों के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन और दर्शन संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ के समान है। उन्होंने समाज को सत्य, प्रेम, समानता और मानव सेवा का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों का भव्य समापन 12 से 14 दिसंबर तक लालकिले में होगा। पिछले वर्ष नवंबर में लालकिले से ही इन आयोजनों की शुरूआत की गई थी। उन्होंने गुरु संगत, साध संगत और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को समापन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और विधायक अशोक गोयल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी से गुरु साहिब की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और भाईचारे व सद्भाव को बढ़ावा देने की अपील की।

पीएसयू के ऑडिट की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने पर मंथन

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में ऑडिट की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत करने के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने मंगलवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में 550 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें केंद्रीय और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों, कैग कार्यालयों के प्रतिनिधियों और ऑडिट विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर ऑडिट व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा की।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के संजय मूर्ति ने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के डिजिटल होने के साथ उनके खातों की विश्वसनीयता उस प्रणाली और उसमें मौजूद नियंत्रण व्यवस्था पर निर्भर करती है, जिसके आधार पर खाते तैयार किए जाते हैं। ऐसे में ऑडिटरों को केवल खातों की जांच तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल करने के साथ साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का भी आकलन करना चाहिए। उन्होंने प्रबंधन से साइबर सुरक्षा, आईटी सुरक्षा और डेटा गवर्नेंस को कारोबारी जोखिमों का अहम हिस्सा मानने की अपील की।

ऑडिटरों की स्वतंत्र जांच और जवाबदेही

आईसीएआई के अध्यक्ष सीए प्रसन्न कुमार डी ने कहा कि ऑडिट की गुणवत्ता और जनहित चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे के मूल आधार हैं। हर ऑडिट रिपोर्ट और पेशेवर राय के साथ जनता के भरोसे को बनाए रखने की जिम्मेदारी जुड़ी है। वहीं, उप कैग आनंद मोहन बजाज ने कहा कि वैधानिक ऑडिटर स्वतंत्र जांच और भरोसे का पहला स्तर होते हैं। इसलिए उन्हें कैग के निदेर्शों का सही तरीके से पालन करने, समय पर रिपोर्ट देने और जांच के दौरान सवाल उठाने की प्रवृत्ति बनाए रखने की जरूरत है।

पैनल चचाएं और तकनीकी सत्र

कार्यशाला में केंद्रीय और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के ऑडिट से जुड़ी दो पैनल चचाएं और दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इनमें कैग के पैनल में चार्टर्ड अकाउंटेंट के चयन की प्रक्रिया, आवेदन और सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल तथा ऑडिट संबंधी निदेर्शों के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर जानकारी दी गई।

दिल्ली में युवाओं व महिलाओं को मिलेगा अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार युवाओं और महिलाओं को कौशल, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए महत्वाकांक्षी परियोजना को आकार देने जा रही है। शालीमार बाग में अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र विकसित किया जाएगा, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए तैयार किया जाएगा। विशेष रूप से 12वीं पास युवाओं के लिए आईटीआई की तर्ज पर रोजगारपरक तकनीकी पाठ्यक्रम और महिलाओं के लिए बेकरी, ब्यूटी, फैशन, सिलाई और अन्य व्यावहारिक कौशल से जुड़े शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य प्रशिक्षण को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रखकर उसे रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में दिल्ली के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना शामिल है। शालीमार बाग में बनने वाला यह केंद्र इसी सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां प्रशिक्षण को बाजार की मांग और उद्योगों की जरूरतों से जोड़ते हुए युवाओं को आधुनिक कार्यक्षेत्र के लिए तैयार किया जाएगा। महिलाओं को अपनी रुचि, क्षमता और पारिवारिक परिस्थितियों के अनुरूप कौशल सीखने तथा स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के अवसर मिलेंगे। केंद्र में लचीली समय-सारणी, सप्ताहांत बैच और ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रस्तावित है, जिससे घरेलू जिम्मेदारियों के कारण प्रशिक्षण से वंचित रहने वाली महिलाएं भी अपने हुनर को निखार सकेंगी। यह केंद्र न केवल युवाओं के लिए कौशल विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाकर मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा।

सदर बाजार में गुरुपर्व पर विश्व शांति और मानवता के लिए हुई विशेष अरदास

सभी धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। सदर बाजार में गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव प्रकाश पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान विश्व शांति, मानवता की भलाई और दुनिया में भाईचारे के लिए विशेष अरदास की गई। व्यापारियों की ओर से कुतुब रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान बारी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में तनाव का माहौल है। कहीं युद्ध तो कहीं महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक परेशानियां लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे समय में गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन का काम कर सकती हैं। दुनिया का हर इंसान अगर गुरु साहिब के संदेश "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" को अपने जीवन में अपनाए तो नफरत की जगह प्रेम, भेदभाव की जगह समानता और स्वार्थ की जगह सेवा की भावना पैदा हो सकती है।

व्यापारियों ने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश किसी एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि विश्व और पूरी मानवता के लिए है। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु का लंगर छका। बाजार के व्यापारियों और सभी धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर इस पावन पर्व को मनाया व आपसी एकता की मिसाल पेश की।

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में दिल्ली का वकील गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में दिल्ली के एक वकील को गिरफ्तार किया। ईडी के अधिवक्ता सौरभ कुमार पांडे ने कहा कि इस वकील पर इस मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर से 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम लेने का आरोप है। उसने 15 करोड़ रुपये न्यायाधीश और अधिकारियों को मुख्य आरोपी के पक्ष में करने के वादे के रूप में ली थी। अधिवक्ता सौरभ कुमार पांडे ने कहा कि आरोपी हिमांशु शेखर को ईडी के रायपुर कार्यालय से गिरफ्तार किया। सोमवार देर रात उसे यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 28 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

पांडे ने कहा कि ईडी की हिरासत में पूछताछ के दौरान चंद्राकर ने शेखर का नाम लिया था। चंद्राकर का आरोप है कि इस वकील ने मामले के सिलसिले में सरकारी अधिकारियों और न्यायिक प्रणाली से जुड़े लोगों को अपने पक्ष में करने का वादा किया था। उसने शेखर को 15 करोड़ रुपये दिए थे, जिसके बाद कुछ और छोटी किस्तों में भी भुगतान किया गया। इसके बाद ईडी ने वकील के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। 20 नवंबर को जब शेखर दुबई जाने वाले विमान में सवार होने वाला था, तब मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने उसे रोक लिया। इसके बाद उसे सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया, जिन्होंने ईडी को जानकारी दी। बाद में रायपुर से ईडी के अधिकारी मुंबई पहुंचे और 21 नवंबर को शेखर को हिरासत में लिया। विशेष अदालत ने ईडी को 28 नवंबर तक के लिए उसकी हिरासत दे दी।

कार को रास्ता देने के विवाद में श्रमिक पर तलवार से हमला

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। हरि नगर इलाके में कार को रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में एक श्रमिक पर तलवार से हमला किया गया। पीड़ित की पहचान 26 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिये आरोपी कार चालक की पहचान करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

पुलिस के मुताबिक, 22 नवंबर की देर रात झील वाला पार्क के पास दिल्ली जल बोर्ड का काम चल रहा है। वहां तीन श्रमिक ट्रक से पाइप उतार रहे थे। इसी दौरान वहां एक कार वहां पहुंची। कार चालक और ट्रक चालक के बीच रास्ता देने को लेकर विवाद हो गया। दोनों में कहासुनी होने लगी। यह देखकर श्रमिक तिहाड़ गांव निवासी पंकज ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। आरोप है कि इससे नाराज कार चालक ने तलवार से पंकज पर हमला कर दिया। जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पचौरी के खिलाफ यौन उत्पीड़न की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट ने की रद्द

तीन जुलाई 2023 के फैसले को रद्द कर दिया गया

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) के पूर्व प्रमुख आरके पचौरी के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की जांच रिपोर्ट रद्द कर दी है। अदालत ने मामले को जिला स्तरीय स्थानीय समिति के पास नए सिरे से विचार करने के लिए भेज दिया है। अदालत ने कहा कि पचौरी की मौत के बाद आगे की कार्यवाही जारी रखना संभव है या नहीं, इस पर भी सक्षम समिति को विचार करना होगा। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने आदेश में 19 मई 2015 की आईसीसी रिपोर्ट और औद्योगिक न्यायाधिकरण के तीन जुलाई 2023 के फैसले को रद्द कर दिया।

न्यायाधिकरण ने आईसीसी की रिपोर्ट को बरकरार रखा था। पचौरी पर फरवरी 2015 में टेरी की एक पूर्व महिला कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उस समय पचौरी टेरी के महानिदेशक थे। आईसीसी ने मई 2015 में उन्हें आरोपों का दोषी पाया था। पचौरी ने इस रिपोर्ट को औद्योगिक न्यायाधिकरण में चुनौती दी थी, लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। फरवरी 2020 में पचौरी का निधन हो गया। इसके बाद उनके कानूनी प्रतिनिधियों ने हाईकोर्ट में रिपोर्ट और न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी। हाईकोर्ट ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण कानून (पॉश एक्ट) की धारा 6(1) के तहत, यदि शिकायत नियोक्ता के खिलाफ हो तो उसकी जांच जिला स्तरीय स्थानीय समिति को करनी चाहिए। चूंकि पचौरी टेरी के महानिदेशक थे, इसलिए उनके खिलाफ शिकायत की जांच संस्थान की आईसीसी के बजाय स्थानीय समिति को करनी चाहिए थी।

अवैध शराब के साथ पकड़ी गई महिला

नई दिल्ली। नंद नगरी थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नंद नगरी निवासी सरिका के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास और घर से शराब के 205 क्वार्टर और 42,400 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस सारिका से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अलवाल ने बताया कि 23 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे पुलिसकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक महिला सफेद थैला लेकर खड़ी दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह घर में जाने लगी। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो थैले से शराब के 39 क्वार्टर मिले।

घर से जेवरात चोरी करने वाला एक आरोपी धरा

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। शकरपुर में घर से सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान शास्त्री नगर निवासी राज हलदर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए तीन हार और साढ़े तीन जोड़ी बालियां बरामद की हैं। आरोपी से पूछताछ कर पुलिस उसके साथी का पता लगाने की प्रयास कर रही है। पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि शकरपुर निवासी राहुल कुमार ने शिकायत दी थी कि आठ नवंबर की रात करीब दो से तीन बजे के बीच जब परिवार सो रहा था, तब घर में घुसे चोर जेवरात और मोबाइल चोरी कर ले गए। नौ नवंबर को शकरपुर थाने में ई-एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें दो संदिग्धों की पहचान हुई। सीसीटीवी फुटेज और सूचना के आधार पर पुलिस ने 20 नवंबर को राज हलदर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने एक दिन की रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद किए।

विश्नोई गैंग से जुड़े वकील की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े वकील दीपक नंदा की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि जेल में रखने से लेकर बाहर ले जाने तक उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्हें रोहित गोदारा गैंग के सदस्यों से अलग बैरक में रखा जाए। हालांकि, अदालत ने उसकी बुलेटप्रूफ गाड़ी और विशेष हथियारबंद कमांडो की मांग को स्वीकार नहीं किया। विशेष न्यायाधीश किरण बंसल की कोर्ट ने यह आदेश दीपक नंदा उर्फ दीपक खत्री की याचिका पर दिया। नंदा क्राइम ब्रांच में दर्ज संगठित अपराध, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश समेत अन्य मामलों में तिहाड़ जेल में बंद है।

याचिका में नंदा ने दावा किया था कि 24 फरवरी 2026 को मरघट वाले हनुमान मंदिर के बाहर रोहित गोदारा गैंग के सदस्यों ने उस पर हमला किया था। हमलावरों ने उसकी कार पर गोलियां चलाई थीं, जिसमें उनके साथ मौजूद एक व्यक्ति घायल हो गया था। नंदा के मुताबिक, हाईकोर्ट ने 17 अप्रैल को उसे एक निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) भी उपलब्ध कराया था। अदालत को बताया गया कि जेल में नंदा को अलग वार्ड में रखा गया है और उसकी निगरानी बढ़ा दी गई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि विशेष आदेश न होने पर नंदा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाए।

एमसीडी के दिवंगत कर्मचारियों के 65 आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को राहत देते हुए महापौर प्रवेश वाही ने 65 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की है। इन सभी की नियुक्ति निगम के इंजीनियरिंग विभाग में की जाएगी।

महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। जिन कर्मचारियों ने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया, उनके परिवारों की देखभाल करना निगम का नैतिक कर्तव्य है। अनुकंपा के आधार पर दी जाने वाली यह नियुक्ति दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों के प्रति निगम की जिम्मेदारी और सम्मान का प्रतीक है। महापौर ने कहा कि इन 65 आश्रितों की नियुक्ति से उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही निगम के इंजीनियरिंग विभाग में कर्मचारियों की कमी दूर करने में भी मदद मिलेगी। एमटीएस के रूप में नियुक्त होने वाले कर्मचारी सड़कों, नालों, भवनों और जनसुविधाओं के रखरखाव से जुड़े कार्यों में योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए निगम प्रशासन विशेष अभियान चला रहा है। पात्रता की जांच के बाद 65 मामलों को स्वीकृति दी गई है। शेष पात्र मामलों का भी नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। महापौर ने सभी 65 आश्रितों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने दिवंगत परिजनों की तरह ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ दिल्ली की सेवा करेंगे।

दक्षिणी दिल्ली के गोलचक्करों का होगा सौंदर्यीकरण

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के प्रमुख मार्गों के गोलचक्करों का सौंदर्यीकरण होगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) इस योजना के लिए करीब 1.58 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना के तहत नेहरू प्लेस, कालकाजी, एंड्रयूज गंज और बीआरटी रोड समेत कई प्रमुख इलाकों के गोलचक्करों को संवारा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि हंसराज सेठी मार्ग की पहली और दूसरी रोटरी, नेहरू प्लेस के पहले और दूसरे आइलैंड, कालकाजी टी-प्वाइंट के दोनों आइलैंड, एंड्रयूज गंज फ्लाईओवर, आर-ब्लॉक, नेहरू प्लेस-एक और दो, ईगेज होटल, बीआरटी रोड और राजा धीर सेन मार्ग के गोलचक्करों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस तरह कुल 13 आइलैंड और गोलचक्करों को इस योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि बागवानी के साथ गोलचक्कर पर लाइटिंग की जाएगी। इसके अलावा हंसराज गुप्ता मार्ग पर नया फुटपाथ भी बनाया जाएगा। सभी निर्माण कार्य छह महीने में पूरे किए जाएंगे।

कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव से नरेंद्र गुप्ता व लाला ईश्वरदयाल गोयल ने की मुलाकात

पुष्पगुच्छ भेंट कर दी बधाई, विभिन्न विषयों पर हुआ विचार-विमर्श

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में फरीदाबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा के सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व बल्लभगढ़ निवासी लाला ईश्वरदयाल गोयल ने कर्नाटक की नवनियुक्त राज्यपाल सुधा यादव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। नरेंद्र गुप्ता और लाला ईश्वरदयाल गोयल ने सुधा यादव के सहज, सौम्य एवं गरिमामयी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने विश्वास जताया कि सुधा यादव अपने अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं कार्यक्षमता से कर्नाटक के विकास और जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा प्रदान करेंगी।



480 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबादः फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करी के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 480 ग्राम गांजे सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 नवम्बर को क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को 480 ग्राम गांजे सहित काबू किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजपाल वासी राजीव कालोनी, सेक्टर-58 फरीदाबाद के रूप में हुई है। आरोपित के विरुद्ध थाना सेक्टर-58 में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित राजपाल सदर बाजार दिल्ली से 500 ग्राम गांजा 7000 रुपये में लेकर फरीदाबाद आया था। आरोपित एक प्राईवेट कंपनी में काम करता है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।



सैलून की छत से ए.सी कॉपर वायर चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद- फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 18/19 की रात को ग्रीनफिल्ड कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत सैलून की छत से ए.सी की कॉपर वायर चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 2 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान रोबिन व अरुण वासी सूरजकुण्ड फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार निशांत वासी गांव अनंगपुर ने पुलिस चौकी ग्रीनफिल्ड में दी अपनी शिकायत में बताया कि 18/19 की रात को किसी नामालुम ने उसकी दुकान की छत पर लगे ए.सी से कॉपर वायर व जनरेटर की तार चुरा ली। जिस संबंध में थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई थी। पूछताछ में सामने आया कि दोनों बेरोजगार हैं व नशा करने के आदी हैं। उन्होंने नशापुर्ति के लिए उन्होंने सैलुन की दुकान की छत से ए.सी की कॉपर वायर व जनरेटर की तार चुराई थी। अरुण पर पूर्व में 3/4 मामले चोरी के दर्ज है। आरोपितों से 1800 रुपये बरामद किये गये है। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।



30 नवंबर तक होगा एएसडीडी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण : जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा सहित सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। आयोग द्वारा जारी नए निदेशों के अनुसार हरियाणा में दावे एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 दिसंबर 2026 को किया जाएगा।

आयुष सिन्हा ने बताया कि आयोग ने एएसडीडी श्रेणी के मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के लिए भी अलग से समय-सीमा निर्धारित की है। वहीं, इन प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण की प्रक्रिया 30 नवंबर 2026 तक चलेगी तथा प्राप्त गणना प्रपत्रों के निपटान का कार्य 10 दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के निदेशों की पालना सुनिश्चित करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही एएसडीडी श्रेणी के मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण तथा निर्धारित समय-सीमा में उनके निपटान की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर-2026 की संशोधित समय-सारिणी एवं एएसडीडी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों से संबंधित जानकारी का सभी उपलब्ध माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

भांकरी कूड़ा डंपिंग यार्ड में लगी आग

छह दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया



फरीदाबाद (एजेंसी)। अरावली की पहाड़ियों में स्थित भांकरी कूड़ा डंपिंग यार्ड में लगी आग आसपास की आबादी के लिए गंभीर मुसीबत बन गई है। कूड़े के विशाल ढेर से तीन दिनों से लगातार धुआं उठ रहा है। इसका असर आसपास के गांवों और कॉलोनियों में रहने वाले करीब एक लाख लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। आग से उठता धुआं भांकरी, पाली, नवादा, सैनिक कॉलोनी और डबुआ कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में फैल रहा है। इससे लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी और गले में तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंपिंग यार्ड में करीब 1500 ट्रक कूड़ा जमा है। इसे 20 नवंबर तक हटाया जाना था, लेकिन कूड़ा तो नहीं हटाया गया। अब उसी कूड़े के ढेर में तीन दिनों से आग सुलग रही है। इससे आसपास के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कूड़ा से निकल रहा धुआं वातावरण में पूरी तरह से फैल गया है। इससे लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की छह से सात गाड़ियां लगातार जुटी हुई हैं, लेकिन कूड़े के बड़े ढेर के कारण आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। कूड़े के भीतर तक आग सुलगने से धुआं लगातार निकल रहा है और आसपास के क्षेत्रों में फैल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धुएं के कारण घरों में रहना और बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को हो रही है। सांस संबंधी परेशानी से जूझ रहे लोगों की दिक्कत और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि तीन दिन से उठ रहे धुएं ने पूरे क्षेत्र का वातावरण प्रभावित कर दिया है। उन्होंने प्रशासन से आग पर जल्द काबू पाने और डंपिंग यार्ड में जमा कूड़े का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी भेज दी गई। साथ ही कूड़े की ढेर में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

27 से 29 नवंबर तक सूरजकुंड में आयोजित होगा मिलेट महोत्सव : एडीसी अंजलि श्रोत्रिया

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, टिकाऊ कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से 27 से 29 नवंबर तक सूरजकुंड में मिलेट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव ग्रामीण महिलाओं एवं खाद्य उद्यमियों के लिए नए व्यावसायिक अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। अंजलि श्रोत्रिया ने बताया कि महोत्सव में आमजन के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। उन्होंने जिलावासियों सहित प्रदेश एवं देश के किसानों, विद्यार्थियों, उद्यमियों, पर्यटकों और खान-पान में रुचि रखने वाले लोगों का आह्वान किया कि वे 27 से 29 नवंबर तक सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें। अंजलि श्रोत्रिया ने बताया कि इस महोत्सव के माध्यम से मोटे अनाज को आमजन की दैनिक खान-पान की आदतों का हिस्सा बनाने के साथ-साथ किसानों, स्वयं सहायता समूहों और खाद्य उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, कृषि विभाग, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (लरफछट) तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के सहयोग से आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर मोटे अनाज, जैविक खाद्य पदार्थों, पौष्टिक स्नैक्स, पेय पदार्थों तथा मिलेट आधारित पारंपरिक एवं आधुनिक खाद्य उत्पादों की विविधता देखने को मिलेगी।

मुजेसर कपड़ा कॉलोनी में प्रदूषण फैलाने वाली चार अवैध औद्योगिक इकाइयां सील

सुमित गोयल

फरीदाबाद : जिला में बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने तथा पर्यावरणीय मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त आयुष सिन्हा के निदेर्शानुसार प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीमें औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही हैं।

इसी कड़ी में आज प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने मुजेसर स्थित कपड़ा कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार अवैध औद्योगिक इकाइयों को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित इकाइयों में नियमों की अनदेखी पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।



उपायुक्त आयुष सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायु प्रदूषण की रोकथाम प्रशासन की प्राथमिकता है और नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर कीर्तन में जो बोले सो निहाल से गूंजा एनआईटी क्षेत्र

फरीदाबाद (एजेंसी)। स्मार्ट सिटी में मंगलवार को गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुद्वारों में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों में मत्था टेककर अरदास की और गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रकाशोत्सव के दौरान एनआईटी एक स्थित गुरुद्वारा गुरु श्री सिंह सभा द्वारा विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। इसमें भारी संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। नगर कीर्तन में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे गूंजते रहे। एनआईटी के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों से होकर नगर कीर्तन गुजरा। इसके चलते एनआईटी में लोगों की मौजूदगी से सड़कें गुलजार रहीं। गुरु पर्व के अवसर पर शहर के गुरुद्वारों को फूलों और रोशनी से सजाया गया था।



नगर कीर्तन में उमड़ा आस्था का सैलाब

मंगलवार को सुबह करीब 11:30 बजे से नगर कीर्तन शुरू हुआ। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा निकाली गई। पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन आगे बढ़ा। नगर कीर्तन में शबद कीर्तन की गूंज रही। नगर कीर्तन में शामिल लोगों ने गुरु की वाणी का गुणगान किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल रहे। नगर कीर्तन के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। नगर कीर्तन में गतका पार्टी करतब दिखाते हुए चली। नगर कीर्तन में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह लंगर और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नगर कीर्तन में शामिल लोगों ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। गुरु पर्व के मौके पर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में सुबह से ही संगत का आना शुरू हो गया था। लोगों ने गुरुद्वारों में मत्था टेका और अरदास की। गुरुद्वारों को फूलों और रोशनी से सजाया गया था। नगर कीर्तन एनआईटी एक बाजार से शुरू होकर नीलम चौक, एनआईटी पांच, चार-पांच चौक, चिमनी बाई चौक, एनआईटी तीन, दो होते हुए एनआईटी एक संपन्न हुआ। नगर कीर्तन के संपन्न होने के बाद आतिशबाजी हुई। उसे देखने के लिए एनआईटी के अलावा फरीदाबाद के अन्य क्षेत्रों से भी लोग आए थे।

गुरुद्वारों में शबद कीर्तन और अखंड पाठ

प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गए। रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। शबद कीर्तन में गुरु की वाणी का गुणगान किया गया। इसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। गुरुद्वारों में अखंड पाठ का भी आयोजन हुआ। अखंड पाठ के बाद अरदास हुई और फिर हुक्मनामा लिया गया। इसके बाद संगत में कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया। शहर के कई गुरुद्वारों में गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि गुरु नानक देव ने मानवता को एकता, समानता और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात के भेदभाव को मिटाकर सभी को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने ह्यनाम जपो, किरत करो, वंड छकोह्ल का संदेश दिया।

50 से अधिक स्थानों पर लंगर लगाया

प्रकाशोत्सव के दिन नगर के विभिन्न स्थानों पर लंगर लगाया गया। एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ क्षेत्र में लंगर का आयोजन किया गया। लोग लंगर में संगत के साथ प्रसाद ग्रहण करते रहे। लंगर में सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया। लंगर सेवा में सेवादार सुबह से ही जुटे रहे। लोगों ने लंगर में बैठकर एक साथ भोजन किया। यह भाईचारे और समानता का प्रतीक बना। नगर कीर्तन के रास्ते में भी जगह-जगह लंगर और जलपान की व्यवस्था की गई थी। सेवादारों ने नगर कीर्तन में शामिल लोगों को प्रसाद वितरित किया।

गतका का प्रदर्शन बना आकर्षण का केंद्र

नगर कीर्तन के दौरान गतका मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न तरह के करतबों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। तलवार से करतब दिखाए। इस दौरान गुरु के लिए एक एक्सपर्ट की आत्मा लेकर फरीदाबाद में बल्लभगढ़ से भी लोग आए थे। नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने विशेष आकर्षण का केंद्र रही। गतका के कलाकारों ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ करतब दिखाए। गतका देखकर लोगों में जोश भर गया। बच्चों ने भी गतका में भाग लिया और अपनी प्रस्तुति दी। नगर कीर्तन में शामिल बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनी थी। बच्चों ने हाथों में तलवारें लेकर गतका का प्रदर्शन किया। लोगों ने करतब दिखाने वाले बच्चों की हौसला अफजाई की गतका सिखों की पारंपरिक मार्शल आर्ट है, जो शौर्य और अनुशासन का प्रतीक है। नगर कीर्तन में गतका के प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फूल मालाओं से सजे हुए नगर कीर्तन वाहन

नगर कीर्तन में फूल मालाओं से सजे हुए एक वाहन पर गुरु ग्रंथ साहिब को सुशोभित किया गया था। इस वाहन पर पांच प्यारे भी सवार थे। इस वाहन के आगे-आगे बैंड बाजे, फूलों की वर्षा होती रही। नगर कीर्तन में शामिल लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब के वाहन पर पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए और मत्था टेका। नगर कीर्तन के दौरान एनआईटी एक नंबर मार्केट, दो, तीन, पांच में नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी।

होटल में डीयू छात्रा का शव मिला, साथ आया युवक लापता

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : सेक्टर 37 स्थित 'होटल जोया' के एक कमरे में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की 19 वर्षीय छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना के बाद से छात्रा के साथ होटल में ठहरा युवक लापता है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मृतका की पहचान 19 वर्षीय अरुणा के रूप में हुई है, जो कुरैशीपुर गांव की गांधी कॉलोनी की रहने वाली थी और डीयू में पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार, अरुणा सोमवार सुबह कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। दोपहर करीब तीन बजे तक परिवार वालों की उससे फोन पर बात हुई, लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की और मंगलवार सुबह गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

होटल स्टाफ के मुताबिक, अरुणा सोमवार सुबह करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले युवक विपिन के साथ होटल में आई थी और दोनों ने अपनी आईडी जमा कराई थी। होटल स्टाफ ने बताया कि युवक रात को ही होटल से निकल गया था। मंगलवार को कमरा खाली कराने के लिए कॉल करने और दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला, तो स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोला तो अरुणा बेड पर बेहोशी की हालत में मिली, जिसके मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे से चूहे मारने की दवा की शीशी, एक सुसाइड नोट और कॉलेज बैग बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अरुणा के रूप में की। थाना प्रभारी राकेश ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस यह जांच कर रही है कि छात्रा ने खुद जहर खाया या उसे खिलाया गया, साथ ही बरामद सुसाइड नोट की भी सत्यता परखी जा रही है। घटना के बाद से लापता युवक विपिन की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं।



घर में घुसकर मां और दो बेटियों पर लाठी-डंडों से हमला, तीनों घायल

पलवल (एजेंसी)। कैंप थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद मोहल्ले में घर में घुसकर एक परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में मां और उसकी दो बेटियां घायल हो गई। इनमें मंजू की हालत गंभीर होने पर उसे सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले की वजह अभी साफ नहीं है। कैंप थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के अनुसार, पुलिस को दी शिकायत में गजराज ने बताया कि उसकी तीन बेटियां घर पर अकेली थीं। आरोप है कि संदीप और सोनू उसकी बेटी मंजू के साथ छेड़छाड़ करते थे। इस बारे में आरोपियों को समझाया भी था।

गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारों में मत्था टेक सुख-शांति की कामना

गुरुग्राम (एजेंसी)। मिलेनियम सिटी में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व मंगलवार को विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। संगत ने गुरु दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारे में शबद कीर्तन और गुरबाणी से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। अमृतसर दरबार साहिब से पहुंचे रागी जत्थों ने विभिन्न गुरुद्वारों में कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कथा के माध्यम से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया। सेवा में संगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुरुद्वारे में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व को लेकर सिविल लाइंस के मुख्य गुरुद्वारा, सेक्टर-39,



46, साउथ सिटी एक, मॉडल टाउन, जैकबपुरा के गुरुद्वारे में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान धार्मिक दीवान सजाया गया और रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

गुरु नानक की शिक्षाओं और जीवन पर प्रकाश डाला

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान शेरदिल सिंह सिद्धू ने बताया कि रविवार को गुरुद्वारे में शुरू हुए अखंड पाठ का मंगलवार को गुरुपर्व के दिन समापन हुआ। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आए रागी जत्थे ने शब्द-कीर्तन किया।

लंगर के लिए लोग लाइन में खड़े रहे

प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गुरुद्वार से लेकर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की ओर से लंगर लगाए गए। सुंशात लोक एक में दूध-बिस्कुट वितरित किए गए तो कहीं दाल-रोटी का लंगर लगाकर संगत की सेवा की गई। इस पावन अवसर पर साउथ सिटी, सिविल लाइंस, न्यू कॉलोनी गुरुद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। गुरुद्वारे के सामने लगे लंगर में पूरी सब्जी, छोला कुलचा, रसगुल्ला के लिए कतार लग रही। लोग अपनी पसंद के अनुसार प्रसाद लेने के लिए कतारे में खड़े दिखाई दिये।

लोगों की सेवा में लगे रहे

गुरुद्वारों पर सेवादारों की ओर से लोगों की मदद में खड़े रहे। आने वाले लोगों की सेवा में महिला-पुरुष लगे रहे, कोई जूता रख रहा है तो कोई लंगर वितरित कर रहा था। भीड़ को देखते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा है। कहीं पर कोई गंदगी नजर नहीं आई। पूरे दिन धार्मिक श्रद्धा, सेवा और भाईचारे का माहौल बना रहा।

मोबाइल हैक कर खाते से 99 हजार रुपये निकाले

बल्लभगढ़। ऊंचा गांव निवासी एक महिला का मोबाइल फोन संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने के बाद हैक हो गया। इसके कुछ ही समय बाद साइबर ठगों ने उसके एक्सिस बैंक खाते से नौ बार में कुल 99 हजार रुपये निकाल लिए। महिला ने इस संबंध में साइबर अपराध थाना बल्लभगढ़ में शिकायत देकर रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में ऊंचागांव निवासी सरोज ने बताया कि 15 नवंबर को उसके मोबाइल फोन पर एक लिंक आया था। उस समय मोबाइल फोन उसके बेटे के हाथ में था। बेटे ने अनजाने में उस लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके तुरंत बाद मोबाइल फोन हैक हो गया। महिला के अनुसार, इसी दौरान उसके एक्सिस बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से रकम निकलनी शुरू हो गई।शिकायत के मुताबिक कुल नौ ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए गए।महिला ने बताया कि मोबाइल से लिंक डिलीट हो जाने के कारण वह उसे पुलिस को उपलब्ध कराने में असमर्थ है।

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निगम ने शुरू किया विशेष अभियान

गुरुग्राम (एजेंसी)। शहर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निगम ने सड़कों की धुलाई के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। निगम की टीमें प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों में जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में एंटी-स्मॉग गन का संचालन, बस स्टॉप की मशीनों से धुलाई और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ चालान कार्रवाई की जा रही है। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और हवा में मौजूद धूल के कणों को कम करने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से हीरो होंडा चौक, श्याम बाबा चौक, उमंग भारद्वाज चौक और मेदांता रोड सहित अन्य क्षेत्रों में एंटी-स्मॉग गन लगातार चलाई जा रही हैं। इन मशीनों के संचालन से वातावरण में धूल के कणों को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों को गति मिल रही है।

बस स्टॉप व फुटपाथों की मशीनों से धुलाई, धूम्रपान पर चालान



सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निगम की टीम द्वारा बस स्टॉप और फुटपाथों की विशेष सफाई व मशीनों से धुलाई की जा रही है, ताकि बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को साफ-सुथरा माहौल मिल सके। इसके साथ ही निगम आयुक्त डॉ. पंकज के निर्देशानुसार नो-स्मोकिंग जोन के नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ भी प्रवर्तन अभियान के तहत चालान कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी को तंबाकू के धुएं के दुष्प्रभावों से बचाना है।

नागरिकों से स्वच्छता व प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग की अपील

निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने शहरवासियों से अपील की है कि वह गुरुग्राम को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने नागरिकों से खुले में कचरा न जलाने, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान न करने, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने और स्वच्छता नियमों का पालन करने का आग्रह किया है, ताकि निगम के प्रयासों को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

बिजली मंत्री की बैठक को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी

गुरुग्राम (एजेंसी)। बिजली मंत्री अनिल विज आगामी नौ दिसंबर को डीएचबीवीएन और यूएचबीवीएन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर दोनों निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र के प्रदर्शन मानकों में सुधार लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट किया है कि समीक्षा बैठक में अब केवल दो सप्ताह शेष हैं। ऐसे में सभी अधिकारी उपलब्ध समय का प्रभावी उपयोग करते हुए अपने कार्यों में तेजी लाएं। प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की प्रगति, उपलब्धियों, लंबित मामलों एवं कमियों का आकलन कर उन्हें दूर करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। पिछली समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध समाधान



करने तथा खराब वितरण ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समयसीमा में बदलने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर दो घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में चार घंटे के भीतर बदलना सुनिश्चित करें। प्रत्येक सब-डिवीजन में पर्याप्त ट्रांसफार्मर बैंक व कार्यशील मोबाइल ट्रॉली उपलब्ध रखी जाएं। बिजली आपूर्ति से संबंधित दैनिक आंकड़ों को नियमित रूप से अपडेट कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे तक ऊर्जा मंत्री कार्यालय को भेजना अनिवार्य किया है। इसके अतिरिक्त 11 केवी व 33 केवी फीडरों के आसपास पेड़ों की छंटाई का कार्य समय रहते पूरा करें। विक्रम सिंह ने कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए पर्याप्त वाहनों व मोबाइल ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। गर्मी एवं धान के सीजन के दौरान आवश्यकता के अनुसार चार से पांच माह के लिए ठेकेदारों व वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सभी तकनीकी कर्मचारियों को निर्धारित सुरक्षा उपकरण व सुरक्षा किट उपलब्ध करवाने, बिजली लाइनों व उपकरणों पर कार्य करते समय सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

इसके अलावा उन्होंने बिजली घरों के अपग्रेडेशन, जलभराव से बचाव से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। एचवीपीएनएल की तरफ से चिह्नित मिसिंग लाइटनिंग अरेस्टर, अर्थिंग एवं जीओ स्विच से संबंधित लंबित कार्य भी प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। ओवरलोडेड सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

गोल्फ कोर्स रोड अंडरपास में युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा, सड़क पर लेटकर रोकी गाड़ियां

गुरुग्राम (एजेंसी)। गोल्फ कोर्स रोड अंडरपास में एक युवक के हाईवोल्टेज ड्रामे का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक अंडरपास के बीचोंबीच सड़क पर लेटकर वाहनों का रास्ता रोकता और हंगामा करता दिखाई दे रहा है। इस घटना के चलते व्यस्त मार्ग पर कुछ समय के लिए आवाजाही प्रभावित हुई और अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों और वायरल फुटेज के आधार पर सामने आया है कि युवक अंडरपास के भीतर अचानक सड़क पर लेट गया और वहां से गुजर रही गाड़ियों के सामने आकर हंगामा करने लगा। आसपास मौजूद लोगों और चालकों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, जबकि किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। देखते ही देखते यह वीडियो वायरल हो गया और लोगों ने सड़क सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए युवक के खिलाफ सुशांत लोक थाने में संबंधित धाराओं के तहत सोमवार को मामला दर्ज कर लिया है। वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। सार्वजनिक मार्ग पर यातायात बाधित करने और दूसरों की सुरक्षा खतरे में डालने के मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संपत्तिकर बकायेदारों के टॉप एक हजार डिफॉल्टर्स को भेजे जाएंगे रिकवरी नोटिस

गुरुग्राम (एजेंसी)। सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को आयोजित जोनवार बैठक हुई। इसमें आयुक्त डॉ. पंकज ने संपत्तिकर वसूली की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को एक हजार बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने और नोटिस जारी करने के आदेश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि नोटिस समय पर बकायेदारों तक पहुंचाने के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की जाए। जब तक एजेंसी तय नहीं होती, संबंधित जोन के क्लर्क और यूएलबी मेकर्स खुद क्षेत्र में जाकर नोटिस बांटें। इस कार्य पर होने वाले पेट्रोल-डीजल खर्च का भुगतान नगर निगम करेगा। वहीं, हर जोन के टॉप एक हजार बकायेदारों की सूची नगर निगम कॉल सेंटर को दी जाएगी। कॉल सेंटर की टीम इन बकायेदारों को फोन कॉल और व्हाट्सएप संदेश भेजकर बकाया संपत्तिकर जमा कराने के लिए लगातार याद दिलाएगी। डॉ. पंकज ने साफ कहा कि रिकवरी नोटिस मिलने के बाद भी संपत्तिकर जमा न करने वालों के भवनों को नियमों के तहत सील करने की कार्रवाई तेज की जाए। उन्होंने सभी संयुक्त आयुक्तों और जोनल टैक्सेशन अधिकारियों को अगली बैठक में वसूली, नोटिस और सीलिंग की पूरी रिपोर्ट लेकर आने को कहा है। बैठक में कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए निगम आयुक्त ने कहा कि दफ्तर आने वाले आम लोगों के साथ सम्मान और धैर्य से व्यवहार किया जाए।

चलती कार बनी आग का गोला, चालक समेत तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान

गुरुग्राम (एजेंसी)। सोहना-गुरुग्राम एलिवेटेड रोड पर सोमवार रात साढ़े नौ बजे एक चलती कार में आग लग गई। पूरी कार आग के गोले में तब्दील हो गई। गाड़ी में सवार चालक सहित तीनों लोगों ने समय रहते कार रोककर बाहर छलांग लगा दी, इससे तीनों की जान बच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार सामान्य गति से सोहना रोड से गुजर रही थी। वाहन मारुति कुंज मोड़ के समीप कोर के बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। इंजन से आग की तेज लपटें निकलने लगीं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने तुरंत गाड़ी रोकी और अंदर बैठे दो अन्य साथियों के साथ तेजी से बाहर निकल गया। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और गाड़ी सड़क के बीचों-बीच धू-धू कर जलने लगी।मुख्य मार्ग पर बीच सड़क कार जलती देख राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया।

पृथला में खड़े तीन ट्रकों से एसीएम चोरी

पलवल (एजेंसी)। गदपुरी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय के पास खड़े तीन ट्रकों को निशाना बनाते हुए उनके एसीएम चोरी कर लिए। ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, गांव पृथला निवासी आनंद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दुधौला रोड पर पेट्रोल पंप के पास उनका हेतराम ट्रांसपोर्ट के नाम से कार्यालय है। 16 नवंबर को उन्होंने अपने तीन ट्रक कार्यालय के पास खड़े किए थे। 17 नवंबर को कार्यालय पहुंचने पर तीनों ट्रकों के एसीएम गायब मिले।

गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर 81 हजार रुपये ठगे

बल्लभगढ़ (एजेंसी)। साइबर ठगों ने गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति के दो क्रेडिट कार्ड से 81 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगों ने बिल अपडेट कराने के नाम पर महज 10 रुपये सर्विस चार्ज मांगा और मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड करवाकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद दोनों कार्ड से हजारों रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अनुराग बंसल ने साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अक्तूबर को उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से गैस कनेक्शन कटने के संबंध में मैसेज आया था। मैसेज में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर एक व्यक्ति ने खुद को गैस कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनका गैस बिल अपडेट नहीं है और कनेक्शन चालू रखने के लिए बिल अपडेट कराना जरूरी है। इसके लिए 10 रुपये सर्विस चार्ज जमा कराने को कहा गया।

पीड़ित के अनुसार, ठग के बताए अनुसार उन्होंने अपने मोबाइल में बिल अपडेट नाम से एक ऐप डाउनलोड किया। इसके बाद 10 रुपये का भुगतान करने के लिए पहले एसबीआई क्रेडिट कार्ड की जानकारी दर्ज की, लेकिन ट्रांजेक्शन असफल हो गया। इसके बाद दूसरे क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन वह भी असफल रहा।

कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर दोनों क्रेडिट कार्ड से रकम कटने के संदेश आए। पहले कार्ड से 53,953.54 रुपये और दूसरे कार्ड से 26,833.55 रुपये कट गए। इस तरह कुल 80,787.09 रुपये की ठगी हुई। पीड़ित ने संबंधित मोबाइल नंबर पर दोबारा कॉल किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। साइबर थाना बल्लभगढ़ में लिखित शिकायत देकर ठगी की रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पेंटर की हत्या में पुलिस ने 500 पेज की चार्जशीट दाखिल की

फरीदाबाद (एजेंसी)। अनंगपुर के डोमका मोहल्ले में हुए पेंटर सदाकत अली हत्याकांड में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने जांच पूरी कर अदालत में करीब 500 पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने मृतक की प्रेमिका अनीता को मामले में मुख्य आरोपी बनाया है। चार्जशीट में हत्या की वजह से लेकर वारदात के घटनाक्रम, परिस्थितिजन्य साक्ष्य और गवाहों के बयान तक शामिल किए गए हैं। अब अदालत में मामले की सुनवाई शुरू होगी।

पुलिस जांच के मुताबिक, सदाकत अली ओमैक्स सोसायटी में पेंटर का काम करता था। इसी सोसायटी में अनीता घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। दोनों की मुलाकात के बाद नजदीकियां बढ़ीं और उनके बीच प्रेम संबंध बन गए। सदाकत शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं, जबकि अनीता अपने पति से अलग रह रही थी। कुछ समय बाद अनीता ने सदाकत पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया, लेकिन वह इस बात को लगातार टाल रहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया।

जांच में सामने आया कि अनीता ने अनंगपुर के डोमका मोहल्ले में किराये पर कमरा लिया हुआ था। आरोप है कि 25 जुलाई को उसने सदाकत को इसी कमरे पर बुलाया। वहां उसे शराब पिलाई गई। नशे में सो जाने के बाद उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद अनीता शव को कमरे में ही छोड़कर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गई थी। वहीं सदाकत 23 जुलाई को घर से अलीगढ़ जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे।

30 जुलाई को किराये के कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर जांच की तो सदाकत का सड़ा-गला शव मिला। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार के निशान थे।

गवाहों के बयान और साक्ष्य चार्जशीट में शामिल

मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने की थी। पुलिस ने अनीता को गिरफ्तार कर पूछताछ की और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य जुटाने के साथ गवाहों के बयान भी दर्ज किए। अब करीब 500 पेज की चार्जशीट अदालत में पेश कर पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। मामले में आरोपों की पुष्टि और आरोपी के दोषी होने या न होने का फैसला अदालत में साक्ष्यों की जांच और सुनवाई के बाद होगा।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठ फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी

बल्लभगढ़ (एजेंसी)। बल्लभगढ़ के नवनिर्मित अटल सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आठ फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने प्रतिमा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रतिमा एफआरसी (फाइबर रिइनफोर्स्ड कंक्रीट) मटेरियल से तैयार कराई जाएगी। इस पर करीब 10 से 12 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और सुशासन दिवस के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसी दिन सभागार का नाम भी औपचारिक रूप से अटल सभागार रखा जाएगा। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता डालचंद के अनुसार, प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अटल सभागार में आम लोगों को निजी कार्यक्रम, सामाजिक आयोजन और अन्य समारोह करने की सुविधा कब मिलेगी और इसके लिए कितना किराया निर्धारित होगा, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता डालचंद ने बताया कि निगम ने करीब एक सप्ताह



पहले ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से सभागार का हैंडओवर लिया है। इसलिए अभी तक इसके किराये की दरें निर्धारित नहीं की गई हैं। किराया तय होने के बाद ही आम जनता के लिए इसकी बुकिंग और उपयोग की व्यवस्था स्पष्ट हो सकेगी।

निजी आयोजनों के लिए नहीं खुला

करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अटल सभागार का लोकार्पण 30 अगस्त 2025 को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया था। इसके बावजूद आम लोगों के लिए सभागार की बुकिंग और किराये की व्यवस्था अब तक तय नहीं हो पाई। अभी तक यहां सरकारी कार्यक्रम ही आयोजित किए गए हैं। किसी निजी या सामाजिक आयोजन के लिए सभागार का इस्तेमाल नहीं हुआ है।

यह सुविधाएं मौजूद

करीब 600 लोगों की बैठने की क्षमता वाले इस वातानुकूलित सभागार में आधुनिक साउंड और लाइटिंग सिस्टम, लिफ्ट तथा रैंप जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्ष 2009 में इसकी आधारशिला रखी गई थी। शुरूआत में निर्माण का बजट 6.76 करोड़ रुपये था, लेकिन विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य पूरा होने में करीब 15 से 16 साल लग गए और लागत बढ़कर लगभग 18 करोड़ रुपये पहुंच गई।अब 25 दिसंबर को प्रतिमा के अनावरण के साथ सभागार को नया नाम देने की तैयारी है, लेकिन शहरवासियों के लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतने करोड़ रुपये खर्च होने के बाद तैयार इस सभागार में निजी कार्यक्रमों की बुकिंग कब शुरू होगी और इसके लिए कितना शुल्क देना होगा।

सूरजकुंड में 27 नवंबर से सजेगा तीन दिवसीय मिलेट महोत्सव

फरीदाबाद (एजेंसी)। मोटे अनाज को लोगों की रोजमर्रा की खान-पान की आदतों में शामिल करने और किसानों को इसके उत्पादन व विपणन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सूरजकुंड में 27 नवंबर से तीन दिवसीय मिलेट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 29 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें मिलेट से बने पारंपरिक और आधुनिक खाद्य उत्पादों के साथ जैविक खाद्य पदार्थ, पौष्टिक स्नैक्स और पेय पदार्थ भी उपलब्ध होंगे। महोत्सव में आमजन के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ टिकाऊ कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और खाद्य उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए बेहतर मंच मिलेगा। इससे उनके लिए नए व्यावसायिक अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा पर्यटन विभाग की ओर से भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), कृषि विभाग, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सहयोग से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

28 नवंबर को फरीदाबाद में निकलेगी समरसता संकल्प यात्रा : कृष्णपाल गुर्जर

फरीदाबाद (एजेंसी)। गुरु रविदास के 650वें जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प यात्रा 28 नवंबर को फरीदाबाद पहुंचेगी। सेक्टर-12 में विशाल जनसभा होगी। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में अयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने लोगों से यात्रा में शामिल होने की अपील की। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सद्गुरु रविदास जी महाराज ने भेदभाव से मुक्त और समानता पर आधारित समाज बनाने का संदेश दिया था। उनके विचार किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा हैं। संत-महापुरुष पूरे समाज की साझा धरोहर हैं। उनके विचारों को जीवन में अपनाकर ही सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 18 नवंबर से तीन दिसंबर तक निकाली जा रही है। पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां से शुरू हुई यात्रा करीब 2402 किलोमीटर की दूरी तय कर 47 शहरों से गुजरेगी। हरियाणा में मुख्य यात्रा आठ जिलों से होकर निकलेगी, जबकि अन्य 15 जिलों की उपयात्राएं भी इसमें शामिल होंगी।25 नवंबर को यात्रा यमुनानगर से हरियाणा में प्रवेश करेगी। इसके बाद कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत और सोनीपत होते हुए 28 नवंबर को बदरपुर बॉर्डर से फरीदाबाद पहुंचेगी। सेक्टर-12 में होने वाली जनसभा को केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संबोधित करेंगे। इसके बाद यात्रा पलवल और होडल होते हुए उत्तर प्रदेश की ओर रवाना होगी। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 89,450 विद्यार्थियों को लाभ दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में बेटियों के विवाह के लिए 71 हजार रुपये तक की सहायता दी जा रही है। उन्होंने सामाजिक संगठनों और संत समाज से भी जनसभा में भाग लेने की अपील की।

मोबाइल चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद (एजेंसी)। सूरजकुंड क्षेत्र में राहगीर का मोबाइल फोन झपटकर फरार होने वाले आरोपी को एवीटीएस सिकरोना की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव धौज निवासी आलीम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पहले भी पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सेक्टर-46 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी सेक्टर-46 में शिकायत दी थी कि 21 नवंबर को वह लेजर वैली अपार्टमेंट, सूरजकुंड के पास मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर पीछे से आए एक युवक ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया और मौके से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की जांच के दौरान एवीटीएस सिकरोना की टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 नवंबर को आरोपी आलीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 21 नवंबर को अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात को अंजाम दिया था। वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल उसके एक दोस्त की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में पॉक्सो अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सम्पादकीय

आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत

किसी बच्चे के स्वस्थ बचपन और किसी गर्भवती महिला के सुरक्षित मातृत्व की शुरूआकेवल अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से नहीं होती। इसके लिए पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, सही जानकारी और समय पर मिलने वाली जरूरी सेवाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण भारत में इन जरूरतों को पूरा करने में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। खासकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में, जहां गांव दूर-दूर तक बसे हैं और कई इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान नहीं है, वहां आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों और महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं की पहली कड़ी बनते हैं। उत्तराखंड में वर्तमान में 20,067 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के सभी 20,067 आंगनबाड़ी केंद्रों में ह्यआंगन का मिलनह्ल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी भी दी गई थी। बागेश्वर जिले में ऐसे 834 केंद्र हैं। इतने बड़े नेटवर्क से यह समझा जा सकता है कि राज्य में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य तथा पोषण को बेहतर बनाने में आंगनबाड़ी व्यवस्था कितनी अहम है।आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को केवल भोजन उपलब्ध कराने का काम नहीं होता। मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत छह प्रमुख सेवाएं दी जाती हैं। इनमें पूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और रेफरल सेवाएं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उपलब्ध कराई जाती हैं। पोषण संबंधी मानकों को वर्ष 2023 में संशोधित किया गया है, जिसमें केवल कैलोरी पर नहीं बल्कि प्रोटीन, स्वस्थ वसा तथा आयरन, कैल्शियम, जिंक और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित संतुलित आहार पर जोर दिया गया है। उत्तराखंड सरकार भी मातृ एवं बाल पोषण को लेकर अलग-अलग योजनाएं संचालित करती रही है। राज्य के बजट दस्तावेजों में मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पूरक पोषण कार्यक्रम जैसी व्यवस्थाओं का उल्लेख मिलता है। इनके माध्यम से बच्चों और गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। लेकिन किसी योजना की सफलता केवल इस बात से तय नहीं हो सकती कि उसके लिए कितने केंद्र बनाए गए या कितने लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ। असली सवाल यह है कि पहाड़ के आखिरी गांव तक उस योजना की सुविधा कितनी नियमितता और गुणवत्ता के साथ पहुंच रही है। बागेश्वर जिला मुख्यालय से लगभग 67 किलोमीटर दूर स्थित पिंगलो गांव का आंगनबाड़ी केंद्र इसी सवाल को सामने लाता है। पिंगलो में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अच्छा है। देखने में ऐसा लगता है कि बच्चों और महिलाओं के लिए एक व्यवस्थित जगह तैयार की गई है। लेकिन भवन का अच्छा होना और केंद्र की सभी सुविधाओं का उपलब्ध होना दो अलग-अलग बातें हैं। यहां आने वाले बच्चों और महिलाओं को जरूरत के अनुसार हर सुविधा नियमित रूप से नहीं मिल पाती। कभी बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता तो कभी गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पूरा राशन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में एक अच्छी इमारत होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र अपने पूरे उद्देश्य को हासिल नहीं कर पाता। यह स्थिति केवल पिंगलो की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं की जा सकती। पहाड़ी गांवों में भौगोलिक परिस्थितियां सेवा पहुंचाने की चुनौती को और बढ़ा देती हैं। सड़क, मौसम, दूरी, परिवहन और आपूर्ति व्यवस्था की कठिनाइयां मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक होती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और बालेन शाह की द्विपक्षीय बैठक से सहयोग के नए द्वार खुले

कांतिलाल मांडोत



भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के आपसी कूटनीतिक रिश्ते नहीं हैं, बल्कि सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध रहा है। भाषा, परंपरा, आस्था और जीवनशैली में इतनी समानता है कि दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे को अपना ही परिवार मानते हैं। भारत और नेपाल की मित्रता हिमालय की तरह अडिग और गंगा की तरह निरंतर प्रवाहित होती रही है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाला उतार-चढ़ाव भी उनकी ऐतिहासिक निकटता को समाप्त नहीं कर पाया। अब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत दौरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक से इन संबंधों को नई दिशा मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए दोनों देशों की साझा सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत बताया। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच लगभग 100 मिनट तक चली बातचीत में आर्थिक सहयोग, व्यापार, संपर्क व्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। भारत ने नेपाल के विकास और पुनर्निर्माण के लिए 15 हजार करोड़ रुपये की सहायता का ऐलान किया। यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भारत अपने पड़ोसी देश की तरक्की को अपनी क्षेत्रीय प्रगति से जोड़कर देखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान राम और माता सीता का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल के बिना हमारे धाम अधूरे हैं और नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। यह कथन दोनों देशों के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों की गहराई को दर्शाता है। भारत में भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या है तो माता सीता की जन्मस्थली जनकपुरधाम नेपाल में है। दोनों स्थानों को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए सरयू-कमला एक्सप्रेस की शुरूआत महत्वपूर्ण कदम है। इस ट्रेन से अयोध्या और जनकपुर के बीच आवागमन आसान होगा। धार्मिक यात्रियों, पर्यटकों और दोनों देशों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश और बिहार के दस स्टेशनों से होकर गुजरने वाली यह रेल सेवा धार्मिक पर्यटन के साथ स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा देगी। नियमित संचालन 28 नवंबर से प्रस्तावित है। इससे भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को व्यावहारिक रूप से और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए काली नदी पर बने छारछुम अंतरराष्ट्रीय मैत्री मोटर पुल का उद्घाटन भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला को नेपाल के दाचुर्ला से जोड़ने वाला यह पुल स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी परेशानी दूर करेगा। पहले एक-दूसरे के क्षेत्र में पहुंचने के लिए लगभग 200 किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता था। अब आवाजाही आसान होगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार, सामाजिक संपर्क तथा पर्यटन को गति मिलेगी। यह पुल केवल सड़क संपर्क का माध्यम नहीं, बल्कि दोनों देशों की मित्रता का मजबूत प्रतीक भी है। भारत और नेपाल के बीच आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होना भी सहयोग के विस्तार की दिशा में अहम कदम है। इनमें फॉरेंसिक विज्ञान, पुलिस प्रशिक्षण, प्रशासनिक अधिकारियों की क्षमता विकास, आयुर्वेद, पारंपरिक चिकित्सा, उपग्रह संचार, शहरी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इन समझौतों से नेपाल को भारतीय तकनीक, प्रशिक्षण और अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं भारत को अपने पड़ोसी देश के साथ संस्थागत सहयोग बढ़ाने और दक्षिण एशिया में विकास की साझेदारी मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

गुरु नानक जयंती : समाज को समरसता, समानता- मानवता का संदेश

सौरभ वार्ष्णेय



विश्व की महान संत परंपरा में गुरु नानक देव जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन, विचार और आध्यात्मिक दर्शन केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। 24 नवंबर 2026 को मनाई जाने वाली गुरु नानक जयंती हमें एक बार फिर उनके उन महान विचारों को आत्मसात करने का अवसर देती है, जिनमें सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, समानता, प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश समाहित है। गुरु नानक देव जी ने ऐसे समय में समाज को नई दिशा दिखाई, जब जाति पाति, ऊंच-नीच, धार्मिक भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियां मानव समाज को बांट रही थीं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ईश्वर एक है और उसकी बनाई हुई समस्त मानव जाति समान है। गुरु नानक देव जी का दर्शन किसी एक वर्ग, जाति या समुदाय तक सीमित नहीं था। उनका मानना था कि मनुष्य की पहचान उसके जन्म, जाति, धर्म, धन अथवा सामाजिक प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उसके कर्मों और आचरण से होनी चाहिए। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और आडंबरों का विरोध करते हुए मानवता को सर्वोपरि रखा। उनका प्रसिद्ध संदेश एक ओंकार इस बात का प्रतीक है कि परमात्मा एक है और समस्त संसार उसी की रचना है। जब सृष्टि का रचयिता एक है, तो मनुष्यों के बीच भेदभाव और नफरत का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

गुरु नानक देव जी ने सामाजिक समरसता को केवल उपदेशों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अपने जीवन और व्यवहार में उतारकर दिखाया। उन्होंने जातिगत भेदभाव, छुआछूत और ऊंच-नीच की भावना को मानवता के विरुद्ध बताया। उस दौर में समाज अनेक वर्गों और जातियों में बंटा हुआ था। ऐसे वातावरण में उन्होंने सभी मनुष्यों को समान मानने की शिक्षा दी। उनका संदेश था कि कोई भी व्यक्ति जन्म से ऊंचा या नीचा नहीं होता। मनुष्य की श्रेष्ठता उसके सद्कर्म, सेवा भावना और नैतिक आचरण से निर्धारित होती है। उनकी शिक्षाओं में संगत और पंगत की परंपरा सामाजिक समानता का जीवंत उदाहरण है। संगत में सभी लोग एक साथ बैठकर प्रभु का स्मरण करते हैं, जबकि पंगत और लंगर में बिना किसी जाति, धर्म, वर्ग अथवा आर्थिक भेदभाव के सभी लोग एक साथ भोजन करते हैं। यह परंपरा आज भी समाज को समानता और भाईचारे का व्यावहारिक संदेश दे रही है। लंगर की व्यवस्था यह सिखाती है कि किसी भी व्यक्ति की गरिमा और सम्मान उसके आर्थिक या सामाजिक स्तर से कम नहीं हो सकता।

गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के तीन प्रमुख सिद्धांत हैं कि नाम जपो, किरत करो और वंड छको। इन तीनों सिद्धांतों में एक आदर्श समाज और संतुलित जीवन की पूरी अवधारणा दिखाई देती है। नाम जपो का अर्थ है ईश्वर का स्मरण करना और अपने जीवन में आध्यात्मिक चेतना बनाए रखना। किरत करो का संदेश है कि मनुष्य ईमानदारी और मेहनत से अपनी आजीविका अर्जित करे। वहीं वंड छको का अर्थ है अपनी कमाई और संसाधनों को जरूरतमंदों के साथ बांटना। आज जब समाज में व्यक्तिगत स्वार्थ, आर्थिक असमानता और उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति बढ़ रही है, तब ये सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। यदि व्यक्ति ईमानदारी से परिश्रम करे, अपनी आवश्यकताओं के साथ दूसरों की जरूरतों का भी ध्यान रखे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है। गुरु नानक देव जी का दर्शन हमें केवल अपने लिए जीने के बजाय दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव जी ने धर्म को आपसी संघर्ष का आधार बनाने के बजाय मानव कल्याण का माध्यम माना। उन्होंने धार्मिक कट्टरता, बाहरी दिखावे और पाखंड का विरोध किया। उनके लिए सच्चा धर्म वही था, जो मनुष्य को सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाए। उन्होंने विभिन्न धार्मिक परंपराओं के लोगों से संवाद किया और अपनी यात्राओं के माध्यम से मानवता, सद्भाव तथा नैतिक जीवन का संदेश दिया।

7 करोड़ का रशियन घोड़ा, बाहुबली राणा का जलवा; पुष्कर मेले में मची धूम



अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के विश्वप्रसिद्ध पुष्कर पशु मेले में इन दिनों संस्कृति, परंपरा और बेशकीमती पशुओं की शानदार मौजूदगी देखने मिल रही है। मेले में देश के अलग-अलग हिस्सों से लाए गए करोड़ों रुपये कीमत के घोड़े, भैंसे और बुल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इन पशुओं की कीमत, कद-काठी और शाही देखभाल ने लग्जरी कारों को भी पीछे छोड़ दिया है, जिससे मेले में आने वाले लोगों का उत्साह काफी बढ़ा हुआ है।

छोटा सुल्तान भैंसा

पुष्कर मेले में 51 लाख रुपये कीमत का जो पाड़ा यानी भैंसा सबसे ज्यादा चर्चा में है, उसका नाम छोटा सुल्तान है। यह मुर्रा नस्ल का करीब 800 किलो वजनी भैंसा है, जिसे मध्य प्रदेश के ग्वालियर से लाया गया है। इसकी ऊंचाई लगभग साढ़े पांच फीट बताई गई है और इसकी उम्र करीब साढ़े तीन साल है। इसके मालिक ने इसकी कीमत 51 लाख रुपये तय की है।

रशियन घोड़े की चर्चा

मेले में चर्चित 7 करोड़ रुपये कीमत वाला घोड़ा फरजंद रशियन नहीं, बल्कि शुद्ध मारवाड़ी नस्ल का घोड़ा है। कुछ रिपोर्टों में रूसी व्यापारियों द्वारा बड़ी बोली या ऑफर लगाए जाने की चर्चा के कारण इसे रशियन घोड़ा समझे जाने का भ्रम पैदा हुआ, जबकि हकीकत में यह मारवाड़ी नस्ल का है और कुछ जगह इसे मारवाड़ी नस्ल के घोड़े के रूप में भी बताया गया है।

इसकी ऊंचाई 64 इंच से अधिक है और यह खास बनावट तथा कानों की कुंडी के लिए जाना जाता है। इसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि लग्जरी कारों की कीमत भी इसके सामने कम पड़ जाए। इसे पीने के लिए मिनरल वाटर , दिन में तीन बार देसी गाय का 5-5 लीटर दूध, चना-दाल और विशेष सप्लीमेंट्स दिए जाते हैं।

श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को किया नमन, टेका मत्था

उत्तम भारत संवाददाता



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर राजापार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन किया, मत्था टेका और प्रदेशवासियों से श्री गुरू नानक देव जी के प्रेम, सेवा, समानता और मानवता के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंधकार और चुनौतियों के दौरान श्री गुरु नानक देव जी ने बिना किसी भय के सत्य का बिगुल बजाया। उनकी हजारों मील की कठिन यात्राओं में दुर्गम बाधाएं आईं, लेकिन वे कभी नहीं रुके। उनका जीवन हमें सिखाता है कि चुनौतियां होने के बावजूद एक सच्चे सेवक को घबराए बिना अपने लक्ष्य और समाज के कल्याण के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का संदेश है कि ईश्वर का स्मरण करें, ईमानदारी और परिश्रम से कमाएं और जरूरतमंदों के साथ बांटें। इस संदेश से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार प्रदेश के विकास, जनसेवा और अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमारे लिए राजनीति सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने समाज को सिखाया कि ईश्वर एक है और उसकी नजर में सभी मनुष्य समान हैं। सच्चा धर्म अच्छे कर्म, ईमानदारी और मानव सेवा में ही निहित है। लंगर सेवा समानता और सेवा भावना का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने सिख गुरुओं के त्याग, समर्पण, साहस और बलिदान की महान परंपराओं का स्मरण करते हुए कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि धर्म और आस्था की स्वतंत्रता तथा मानव अधिकारों की रक्षा के लिए उनका बलिदान अद्वितीय है। दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, वीरता और धर्म की रक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने किया करतारपुर कॉरिडोर खोलने का ऐतिहासिक निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करतारपुर कॉरिडोर खोलने का ऐतिहासिक निर्णय कर करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया। वहीं, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत कर प्रधानमंत्री ने नई पीढ़ी को उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिख समुदाय के कल्याण, उत्थान और धार्मिक आस्था से जुड़े स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जयपुर स्थित गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब जी तथा अनूपगढ़ स्थित बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के विद्यार्थियों के छात्रावास हेतु भूमि का आवंटन हो चुका है तथा इसका कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।

इस दौरान जयपुर महापौर सुनील कोठारी, राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, मुख्य ग्रंथी जगजीत सिंह सहित गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

उदयपुर में पांच लाख नहीं देने पर परिवार का सामाजिक बहिष्कार छह लोगों पर एफआईआर दर्ज



उदयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के उदयपुर जिले में एक परिवार के सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। आरोप है कि समाज के पंचों ने परिवार पर पांच लाख रुपये का दंड लगाया और राशि नहीं देने पर समाज से बाहर कर दिया।

गांव के लोगों पर परिवार से संबंध नहीं रखने का दबाव बनाया गया। पीड़ित परिवार ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद पुलिस ने समाज के मुखिया सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

पीड़ित मीठालाल प्रजापत ने आरोप लगाया कि पारिवारिक संपत्ति विवाद के निस्तारण के लिए चार अक्टूबर को समाज की बैठक बुलाई गई थी। वे काम के सिलसिले में अहमदाबाद में रहते हैं। उन्हें बैठक की सूचना महज 20 घंटे पहले दी गई थी।

उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा, लेकिन पंचों ने उनकी बात नहीं सुनी और एकतरफा फैसला सुना दिया। मीठालाल के अनुसार, पंचायत ने रकम नहीं देने तक परिवार को समाज से बहिष्कृत रखने की बात कही। परिवाद में आरोप लगाया गया कि पंचायत के फैसले रजिस्टर में दर्ज कराए गए और अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर भी करवाए गए।

सीएम भजनलाल के नेतृत्व में 'नशा मुक्त राजस्थान' का संकल्प तेजी से हो रहा साकार



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 3 वर्षों में प्रदेश में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों की जब्ती और अपराधियों की गिरफ्तारी कर अवैध नशे के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई है।

करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ जब्त

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किए गए है।

288 प्रकरण दर्ज किए गए

प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज किए गए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार, मादक पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन

अवैध मादक पदार्थों के निर्माण की फैक्ट्रियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गए हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गई है। वहीं, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गईं।

उदयपुर में गांजे की अवैध खेती 415 किलो हरे पौधे जब्त



उदयपुर (एजेंसी)। जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मांडवा थाना क्षेत्र के साड़ी गांव में करीब 415 किलो गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, कपास की खेती की आड़ में गांजे के पौधे उगाए जा रहे थे। आरोपितों ने कपास के पौधों के बीच गांजे की फसल लगाई थी, ताकि किसी को इसकी भनक नहीं लगे। उदयपुर की पुलिस अधीक्षक डा. अमृता दुहन ने बताया कि कार्रवाई सुबह चार बजे से देर शाम तक चली। इस दौरान खेत में मौजूद आरोपित रमिया पुलिस टीम को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अवैध रूप से गांजे की खेती करने के मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

पंचायत चुनाव में हार के बाद बीजेपी उम्मीदवार ने हटवाई 50 स्ट्रीट लाइट

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के टोंक जिले की पीपलू पंचायत समिति में चुनाव नतीजों के बाद एक बेहद अजीब मामला सामने आया है। यहां चुनाव के नतीजे आने के बाद न तो जीत का जश्न मना और न ही हार का सन्नाटा पसरा, बल्कि नतीजे आने के कुछ ही घंटों बाद एक गाड़ी आई और गांव गलियों में लगी करीब 50 स्ट्रीट लाइटें उखाड़कर ले गई।

हार के कुछ घंटे बाद ही छाया अंधेरा

ये मामला टोंक जिले की पीपलू पंचायत समिति के वार्ड नंबर 2 का है। यहां दीवाली से ठीक पहले करीब 50 स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं, जिससे लंबे समय से अंधेरे में डूबी गलियां और छोटी बस्तियां पहली बार रोशन हुई थीं। शुक्रवार शाम को आए चुनाव नतीजों में बीजेपी उम्मीदवार प्रियंका शर्मा का कांग्रेस के धन्ना लाल के हाथों 751 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

बेटी की बिंदोरी में नाचते-नाचते पिता की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



उदयपुर (एजेंसी)। बेटी की शादी की खुशियों के बीच एक पिता की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया। बेटी की बिंदोरी में पूरे उत्साह के साथ डांस कर रहे पिता को अचानक सीने में दर्द हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ गई।

परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। परिवार ने बेटी की शादी की रस्में पूरी करने के लिए पिता की मौत की खबर पत्नी और बेटी से छिपाई। शव अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाकर रात में ही बेटी के फेरे करवा दिए गए। बेटी की विदाई के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया गया। यह भावुक कर देने वाला मामला ऋषभदेव उपखंड क्षेत्र के पटियार (भूधर) गांव का है। जानकारी के अनुसार, शंकरलाल मेघवाल (51) अहमदाबाद में एक निजी कंपनी में ड्राइवर के रूप में काम करते थे। उनके तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी प्रियंका (26) की शादी 21 नवंबर को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और 20 नवंबर की देर रात बिंदोरी निकाली जा रही थी।

बिंदोरी में डांस करते समय उठा सीने में दर्द

रिटायर्ड शिक्षक नारायणलाल मेघवाल के अनुसार, बेटी की शादी की खुशियों में शंकरलाल भी जमकर डांस कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा और तबीयत बिगड़ गई। उनके बेटे दिलीप मेघवाल (24) और उमेश मेघवाल (22) परिजनों के साथ उन्हें कार से ऋषभदेव अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर उदयपुर पहुंचे, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने शंकरलाल को मृत घोषित कर दिया।

मां और बेटी से छिपाई पिता की मौत की खबर

पिता की मौत के बाद परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेटी की शादी की रस्में पूरी करने की थी। परिजनों ने शंकरलाल के शव को अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवा दिया। बेटे ने अपनी मां और बहन को बताया कि पिता आईसीयू में भर्ती हैं और फिलहाल बात करने की स्थिति में नहीं हैं।

इधर, शादी की तैयारियां और रस्में बीच में न रुकें, इसके लिए परिवार ने दूल्हे पक्ष को पूरी घटना की जानकारी दी और रात में ही बारात लाने का आग्रह किया।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, बी-42, नोएडा, सेक्टर-7, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।
RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास जंगलों में फिर लगी आग

मेंढर/जम्मू, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को जंगलों में आग लगने की नई घटनाएं सामने आईं, जबकि पड़ोसी बालाकोट सेक्टर में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आग की इन घटनाओं में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

रविवार शाम सबसे पहले बालाकोट में सीमा पर लगी बाड़ के आगे लंजोट वन क्षेत्र में आग लगी थी।

अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लगातार प्रयासों के बावजूद लपटें जंगल में फैलती रहीं, जिससे प्रभावित क्षेत्र में पेड़ों और अन्य वनस्पतियों को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह मेंढर सेक्टर के गोहलाद



टॉप और छज्जला पटरी वन क्षेत्रों में आग लगने की नई घटनाएं सामने आईं, जिससे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के आसपास के जंगलों में आग फैलने को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गम भूभाग और प्रभावित इलाकों तक पहुंचने में कठिनाई के कारण दमकल वाहनों को तैनात नहीं किया जा सका। इसके बजाय कर्मियों ने आग बुझाने के पारंपरिक उपकरणों का इस्तेमाल कर लपटों पर काबू पाने और आग को आगे फैलने से रोकने का प्रयास किया।

प्रभावित सेक्टरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और सुरक्षाबल अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा स्थिति का फायदा उठाकर सीमा के इस ओर घुसपैठ करने की किसी भी संभावित कोशिश को नाकाम करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

उन्होंने कहा कि दुर्गम भूभाग तथा धुएं और आग की लपटों के कारण दृश्यता कम होने के मद्देनजर सुरक्षाकर्मी वन क्षेत्रों और नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

लचित बोड़फूकन की विरासत को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने मार्गदर्शन किया: हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहोम सेनापति लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती के समारोहों में गहरी रुचि ली थी और उनकी विरासत को उचित सम्मान देने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया था। शर्मा ने 17वीं सदी के सेनापति बोड़फूकन की जयंती पर मनाए जाने वाले लचित दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बोड़फूकन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए असम की रक्षा में उनके साहस और दृढ़ संकल्प को याद किया। उन्होंने कहा कि बोड़फूकन का नेतृत्व और लोगों के प्रति उनका समर्पण आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है।

प्रधानमंत्री की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने कहा कि उन्हें आज भी याद है कि नई दिल्ली में लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती के समारोहों के दौरान मोदी ने पूरे कार्यक्रम में गहरी रुचि ली थी और बोड़फूकन की विरासत एवं मां भारती के प्रति उनके योगदान को उचित सम्मान देने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया था।

शर्मा ने देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को बोड़फूकन की तरह एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। शर्मा ने एक अन्य पोस्ट साझा कर 1671 में सरायघाट की लड़ाई में अहोम सेनापति के नेतृत्व को याद किया। इस लड़ाई में बोड़फूकन ने अहोम साम्राज्य की सेना का नेतृत्व करते हुए मुगलों को पराजित किया था और असम की संप्रभुता की रक्षा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बोड़फूकन की विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कई पहल की हैं जिनमें उनकी 400वीं जयंती के समारोहों का आयोजन, जोरहाट में उनकी प्रतिमा और एक मैदान परिसर का निर्माण, कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में उनकी वीरगाथा को शामिल करना तथा उनकी जीवनियों का 23 भारतीय भाषाओं में अनुवाद कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार अहोम सेनापति की विरासत को संरक्षित करने और उसे सम्मान देने के अपने प्रयास जारी रखेगी।

माता-पिता की संपत्ति लेने के बाद उनकी उपेक्षा करने पर बच्चों को तीन साल की जेल होगी: सतीशन

कोल्लम, एजेंसी।

केरलम के मुख्यमंत्री वी डी सतीशन ने कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा के लिए राज्य विधानसभा द्वारा पारित नए कानून के तहत माता-पिता की संपत्ति हासिल करने के बाद उनकी उपेक्षा या उनके साथ दुर्व्यवहार करने वालों को तीन साल तक की जेल की सजा भुगतनी होगी। मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले यहां गांधी भवन में 20 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक वृद्धजन आवासीय केंद्र पितृमंदिरम का उद्घाटन करने के बाद अक्टूबर में पारित इस कानून के प्रावधान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के नेतृत्व वाली सरकार ने सत्ता में आने के बाद सबसे पहला फैसला वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विभाग गठित करने का किया था। यह देश में अपनी तरह का पहला विभाग है। सतीशन ने कहा, मेरी सरकार ने एक ऐसा कानून भी पारित किया है, जो दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलता और बुजुर्गों को कई अधिकार प्रदान करता है। आप सभी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मैंने जानबूझकर कानून में एक प्रावधान जोड़ा है, जिसके तहत माता-पिता की सारी संपत्ति प्राप्त करने के बाद उनकी उपेक्षा करने वाले बच्चों के लिए तीन साल की जेल की सजा को अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद जब यह विधेयक कानून बन जाएगा तो संपत्ति हड़पने के बाद माता-पिता की उपेक्षा करने वालों को निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा।

भाजपा ने पटनायक से विदेश यात्राओं पर हुए खर्च का ब्योरा सार्वजनिक करने को कहा

भुवनेश्वर, एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से इटली और जापान की यात्राओं से संबंधित सभी बिल और दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की और करदाताओं के पैसे के खर्च पर सवाल उठाए।

भाजपा की यह मांग पटनायक द्वारा उनकी विदेश यात्राओं को लेकर लगाए गए आरोपों को सोमवार को झूठा बताने और उचित समय पर इसका जवाब देने की बात कहने के एक दिन बाद आई है।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पटनायक की कुछ समय की विदेश यात्राएं सवालों के घेरे में नहीं हैं, लेकिन इन यात्राओं पर हुए खर्च का



हिसाब दिया जाना चाहिए।

भाजपा ने बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष से पांच सवाल पूछे, जिनमें यह भी शामिल है कि उन्होंने रोम में राज्य के हित में क्या काम किया, उनकी यात्रा के बारे में भारतीय दूतावास को सूचित क्यों नहीं किया गया, ओडिशा पर्यटन विकास निगम (ओटीडीसी) की उपलब्धता के बावजूद एक निजी एजेंसी की सेवाएं क्यों ली गईं और यात्रा खर्च को लेकर सरकारी रिकॉर्ड कथित तौर पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मिली जानकारी से अलग क्यों हैं।

भाजपा ने यह भी पूछा कि क्या ये खर्च राज्य के खजाने से वहन किए गए थे। सवालों का जवाब देते हुए बीजद प्रवक्ता लेनिन मोहंती ने जून 2022 में भारत में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और रोम स्थित भारतीय दूतावास की ओर से सोशल मीडिया पर की गई दो पोस्ट साझा कीं। इन पोस्ट में पटनायक की इटली यात्रा के दौरान की गतिविधियों का उल्लेख था।

डब्ल्यूएफपी के पोस्ट में पटनायक का स्वागत किया गया और राज्य में भुखमरी उन्मूलन और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में ओडिशा की प्रगति में डब्ल्यूएफपी की साझेदारी का उल्लेख किया गया।

रोम स्थित भारतीय दूतावास के एक अन्य पोस्ट में कहा गया कि राजदूत नीना मल्होत्रा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री का इटली पहुंचने पर स्वागत किया था।

मोहंती ने बताया कि पटनायक ने 2024 में जापान की राजधानी तोक्यो में आयोजित ओडिशा व्यापार सम्मेलन में भाग लिया था जिसका आयोजन राज्य सरकार ने जापान में भारतीय दूतावास, जापान विदेश व्यापार संगठन और फिक्की के सहयोग से किया था।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 200 प्रमुख जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। बीजद ने पटनायक की जापान में बैठकों में भाग लेते हुए तस्वीरें भी जारी कीं। मोहंती ने कहा, बीजद पारदर्शिता का सम्मान करता है और सूचना के अधिकार को महत्व देता है क्योंकि लोगों को हर बात जानने का अधिकार है।

प्रेमिका की नौ वर्षीय बेटी से दुष्कर्म के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



गुवाहाटी, एजेंसी।

असम के कछार जिले में एक महिला की नौ वर्षीय बेटी से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

महिला और आरोपी व्यक्ति के बीच प्रेम संबंध था और दोनों जल्द शादी करने वाले थे।

शुरूआत में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के आरोप में दो पुलिस अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है।

बच्ची की मां ने बताया कि उनके परिवार ने दो सप्ताह पहले पुलिस से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि बच्ची के साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। यह मामला उस वक्त सामने आया जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसे 11 नवंबर को डॉक्टर के पास ले जाया गया।

बच्ची की मां ने कहा, हमने 11 नवंबर को रंगिरखारी पुलिस चौकी में जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और उन्होंने पीड़िता की मेडिकल जांच कराने से भी इनकार कर दिया।

उन्होंने बताया कि इसके बाद वे बार-बार पुलिस चौकी गए और कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

बाद में उन्होंने कछार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) पी पी सैकिया से मुलाकात की और एक नई शिकायत दर्ज कराई।

सैकिया ने बताया कि एक उप-निरीक्षक समेत दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

उप-निरीक्षक अनंत सिन्हा और कांस्टेबल हरिपाड़ा रॉय को लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है और आंतरिक जांच जारी है।

उन्होंने कहा, हमने पाया कि शिकायत मिलने के बावजूद उन्होंने मामला दर्ज नहीं किया। उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

सिलचर निवासी आरोपी को कस्बे से भागने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को पॉक्सो अधिनियम की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, मामला दर्ज होने के बाद हमने तलाश अभियान चलाया और आरोपी को रंगपुर इलाके के पास ढूंढ निकाला। हमारी टीम ने उसका पीछा किया और भागने से पहले ही उसे पकड़ लिया। लड़की की मां ने दावा किया कि वह और 36 वर्षीय आरोपी एक-दूसरे के साथ रिश्ते में थे और उनकी जल्द शादी करने की योजना थी। उन्होंने कहा, मेरी बेटी उसे बाबा (पिता) कहकर बुलाती थी और मैंने उस पर भरोसा किया था। उसने कई बार बच्ची का यौन शोषण करने के बाद उसे धमकी दी, इसलिए उसने मुझे कुछ नहीं बताया। लेकिन जब उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे जांच के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया, तब मुझे इस मामले की जानकारी हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच की जाएगी।

सेरी नाले में मुर्गियों के अवशेष मिलने के बाद तीन जलापूर्ति योजनाएं बंद



शिमला, एजेंसी।

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में गंभर नदी में मिलने वाले सेरी नाले में मुर्गियों की हड्डियां और अन्य अवशेष पाए जाने के बाद तीन जलापूर्ति योजनाओं को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वाकनाघाट-ममलीग मार्ग पर गंभर पुल के पास तीन अलग-अलग स्थानों पर मुर्गियों के अवशेषों से भरी बोरियां फेंकी गई थीं, जबकि कुछ हड्डियां नाले के बीचोंबीच और कुछ उसके किनारों पर बिखरी पड़ी थीं।

इसके बाद जल शक्ति विभाग ने डुमैहर, कोट-सिहाड़ और सेरीघाट की पेयजल योजनाओं को बंद कर दिया। तीनों जलापूर्ति योजनाओं के बंद होने से ममलीग, सायरी, सायरीघाट और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ डुमैहर और उसके निकटवर्ती इलाकों में जल संकट और गहराने की आशंका है। इससे पांच से छह हजार लोगों के प्रभावित होने की संभावना है।

अवशेष बिखरे होने की सूचना मिलने पर प्रशासन, पुलिस और उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) ऐन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जल शक्ति विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि नाले में बड़ी मात्रा में मुर्गियों के अवशेष फेंके गए थे, जिसके कारण दूर-दूर तक दुर्गंध फैल गई थी। इसके मद्देनजर तीनों जलापूर्ति योजनाओं को बंद कर दिया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के वास्ते वाकनाघाट और अन्य क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

सोलन के उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लिया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन पहले नदी की सफाई सुनिश्चित करेगा, जिसके बाद पानी के नमूने जांच के लिए कंडाघाट स्थित प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे। प्रयोगशाला से पानी के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद जलापूर्ति योजनाएं बहाल की जाएंगी। जिस स्थान पर अवशेष फेंके गए हैं, उससे कुछ ही दूरी पर सेरी नाला गंभर खड्ड में मिल जाता है। सोलन की गंभर नदी कंडाघाट उपमंडल के लगभग आधे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जलापूर्ति का प्रमुख स्रोत है। यह स्थान हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल के आवास के भी निकट है।

गुरु नानक के आदर्शों को अपनाकर सद्भावपूर्ण समाज का निर्माण करें: हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने लोगों से गुरु नानक देव के आदर्शों को अपनाकर समरस, सेवाभावी और सद्भावपूर्ण समाज का निर्माण करने का मंगलवार को आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव की जयंती पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सिख गुरु का 'एक ओंकार' का संदेश सभी को एक सूत्र में जोड़ने तथा जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर मानव सेवा करने की प्रेरणा देता है।

शर्मा ने कहा, सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान आध्यात्मिक संत श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उनका संदेश एक ओंकार सम्पूर्ण मानव जाति को एक सूत्र में जोड़ने तथा जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर मानव



सेवा करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा, आइए, इस पावन अवसर पर उनके आदर्शों को आत्मसात कर एक समरस, सेवाभावी और सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को नजरबंद किया गया

तिरुनेलवेली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को पुलिस ने मंगलवार को उस समय नजरबंद कर दिया, जब वह कार्तिगई दीपम उत्सव के लिए तिरुप्परनकुंद्रम जा रहे थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि नागेंद्रन ने यह पता लगाने के लिए तिरुप्परनकुंद्रम जाने की योजना बनाई थी कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार मंगलवार शाम वहां दीप प्रज्वलित किया जाएगा या नहीं। उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। भाजपा ने कहा कि पुलिस ने पार्टी के कई नेताओं, कार्यकताओं और हिंदू मुन्नानी संगठन के सदस्यों को मदुरै जाने से रोकने के लिए हिरासत में ले लिया जो यह पता लगाने के लिए वहां जाना चाहते थे कि दीप प्रज्वलित करने के संबंध में न्यायालय के निर्देश का पालन किया जा रहा है या नहीं।

एआई फिल्म निर्माण को बदल सकता है लेकिन मानवीय रचनात्मकता का स्थान नहीं ले सकता: प्रमोद सावंत

पणजी, एजेंसी।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) फिल्म निर्माण को अधिक सुलभ बनाकर इसमें क्रांति ला सकती है लेकिन यह मानवीय कल्पना, भावनाओं और रचनात्मक निर्णय क्षमता की जगह नहीं ले सकती।

यहां जारी 57वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के दौरान सोमवार शाम को आयोजित ह्यवुमेन इन फिल्म इंडियाह्ल एंड गूगल फ्लो फिल्मथॉनह्ल के पहले संस्करण को संबोधित करते हुए सावंत ने कहा कि फिल्म निमार्ता कहानीकार बने रहेंगे और तकनीक उन्हें अपने विचारों को व्यक्त करने के नए तरीके प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा, एआई दृश्य तैयार कर सकती है, लेकिन यह फिल्म निमार्ताओं की कल्पना, भावनाओं और रचनात्मक निर्णय क्षमता की जगह नहीं ले सकती। फिल्मकार ही कहानीकार बने रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां फिल्मकारों के लिए नई संभावनाएं खोल रही हैं। इनके जरिए वे बड़े बजट, अत्याधुनिक उपकरणों या बड़े निर्माण दल की जरूरत के बिना भी अपने विचारों को फिल्मों में ढाल सकते हैं।

उन्होंने बताया कि फिल्मथॉन को 800 से अधिक



पंजीकरण प्राप्त हुए हैं जो फिल्म निर्माण के नए उपकरणों के साथ प्रयोग करने के लिए रचनाकारों के उत्साह को दशार्ता है। प्रदर्शन के लिए पांच फिल्मों का चयन किया गया, जिनमें से तीन विजेता फिल्मों को सम्मानित किया जाएगा।

फिल्म उद्योग में महिलाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वुमेन इन फिल्म इंडिया जैसी पहल मार्गदर्शन, शिक्षा, उद्योग जगत के साथ साझेदारी और पेशेवर नेटवर्क तक पहुंच के जरिए महिलाओं के लिए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा, हमें लेखन, निर्देशन, निर्माण, संपादन और संगीत रचना के साथ-साथ इन फिल्मों का नेतृत्व करने वाली और अधिक महिलाओं की जरूरत है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के भारत में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें के दृष्टिकोण का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे देश के रचनात्मक उद्योग को बड़े लक्ष्य मिल रहे हैं।

लखीसराय में कोयले से लदे ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर, 5 लोगों की मौत, 3 घायल

पटना, एजेंसी।

बिहार के लखीसराय में मंगलवार को स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्चा और दो महिलाएं शामिल हैं। इस घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा मंगलवार सुबह लखीसराय के तेतरहट थाना क्षेत्र में गुनसागर गांव के पास लखीसराय-जमुई मुख्य मार्ग पर हुआ। बताया गया कि स्कॉर्पियो जमुई से देवघर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे का शिकार हुआ ट्रक कोयला ले जा रहा था और उस पर झारखंड का रजिस्ट्रेशन नंबर था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर ह्यडायल-112ह्ल पुलिस टीम



मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। घायलों और अन्य सवारों को इलाज के लिए लखीसराय सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

तीन घायल लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक डॉक्टर के अनुसार, घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे आईसीयू में कड़ी निगरानी में रखा गया है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार सभी आठ लोग पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाना क्षेत्र स्थित रामचंद्र ढाका गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान राकेश गुप्ता (38), मीना देवी (50), पल्लवी देवी (28), बादल कुमार (10) और स्कॉर्पियो चालक जफर आलम के रूप में हुई है।

इस हादसे में मारे गए लोगों का परिवार सदमे में है। पुलिस जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रही है और हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

गुमला में ट्रक-कार की टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग, चालक की जिंदा जलकर मौत

गुमला, एजेंसी।

झारखंड के गुमला शहर में सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि हुए भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह हादसा कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप पालकोट रोड पर रात लगभग 12:30 बजे हुआ। ट्रक और कार की टक्कर के बाद बेकाबू हुआ ट्रक सड़क किनारे स्थित 11 हजार वोल्ट के बिजली के खंभे से जा टकराया, जिसके बाद वाहन में आग भड़क उठी।

आग इतनी भीषण और तेज थी कि चालक को बाहर निकलने का अवसर नहीं मिल सका। आग पर काबू पाने के बाद केबिन के भीतर चालक का कंकाल बरामद किया गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के नावली लालपुर निवासी 35 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज कुमार राउरकेला से ट्रक में सरिया लादकर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जा रहे थे।

इसी क्रम में पालकोट रोड पर सामने से आ रही एक कार को बचाने की कोशिश में ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। कार से टक्कर



के बाद ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा भिड़ा। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते पूरा वाहन जलकर राख हो गया। हादसे के दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक के चालक ने स्थिति को देख तुरंत गुमला थाना पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह आग की लपटों में घिर चुका था और चालक की मौत हो चुकी थी। मंगलवार सुबह घटना की सूचना फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। हादसे की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल के पास बैरिकेडिंग लगाकर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

बीईएसटी बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत

मुंबई, एजेंसी।

मुंबई के कुर्ला वेस्ट में बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बीईएसटी) बस की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। टक्कर के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, मुंबई पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। यह घटना सुबह करीब 7.10 बजे हुई। बताया गया कि स्कूटी सवार युवक बीईएसटी बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। उसी समय वह एक टेंपो से टकराया, जिसके कारण वह नीचे गिर गया था। एकाएक हुए इस हादसे के दौरान बस उसे कुचलते हुए निकल गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस



मौके पर पहुंची और युवक को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अजय गुणवंत पाटिल के रूप में हुई है।

इससे पहले, रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि में महाराष्ट्र के पुणे जिले में अहिल्यानगर हाईवे पर एक दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। बताया गया कि तेज रफ्तार कार के ड्राइवर नियंत्रण खो दिया था, जिससे कार डिवाइडर को पार करके पलट गई। इसके बाद कार पुणे की ओर जाने वाली लेन में लगभग 60 से 70 मीटर तक घिसटती चली गई और सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद घायलों को तुरंत वाघोली के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके शवों को ससून अस्पताल भेज दिया गया।

तिरुपरनकुंद्रम दीपम जलाने के मामले में हाईकोर्ट की मदुरै बेंच का रुख कर सकते हैं वकील

मदुरै। तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने के मामले में वकील मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के सामने अपील कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि जो वकील दीप जलाने से जुड़ा कोई मामला हाईकोर्ट के सामने लाना चाहते हैं, वे सुबह की कार्यवाही शुरू होने पर जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन और जस्टिस सुमति की बेंच के सामने इसका जिक्र कर सकते हैं और सुनवाई की मांग कर सकते हैं। मदुरै बेंच के प्रशासनिक जज जस्टिस वेलमुरुगन मंगलवार को छुट्टी पर हैं। इस स्थिति में कोर्ट की कार्य-सूची में बदलाव किया गया है और इसके तहत दूसरी डिवीजन बेंच में बैठने वाले जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन और जस्टिस सुमति मंगलवार को जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई करेंगे।

गांधीजी की हत्या से पहले मिली थी साजिश की सूचना, नेहरू ने नहीं की कार्रवाई: निशिकांत दुबे

रांची, एजेंसी।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महात्मा गांधी की हत्या के मामले में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि हत्या की साजिश की जानकारी मिलने के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने गांधीजी की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए। दुबे ने 1966 में गठित न्यायमूर्ति जीवनलाल कपूर आयोग की जांच और रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह दावा किया है। दुबे सोशल मीडिया पर कांग्रेस का काला अध्याय नाम से एक शृंखला चला रहे हैं। इसकी 253वीं कड़ी में उनकी पोस्ट का शीर्षक है- ह्यक्या महात्मा गांधी की हत्या नेहरू की जानकारी में हुई? भाजपा सांसद



के अनुसार, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के पौत्र और मराठी समाचार पत्र केसरी के पूर्व संपादक जी.वी. केतकर ने 12 नवंबर 1964 को पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया था कि नाथूराम गोडसे ने गांधीजी की हत्या की मंशा उनसे जाहिर की थी। केतकर के मुताबिक, उन्होंने इसकी सूचना तत्कालीन बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री बी.जी. खेर तक पहुंचाई थी। इस खुलासे के बाद संसद में भी मामला उठा था और केंद्र सरकार ने जांच समिति गठित करने का आश्वासन दिया था। दुबे ने अपने पोस्ट में कहा है कि इस आश्वासन के करीब दो साल बाद 21 नवंबर 1966 को न्यायमूर्ति जीवनलाल कपूर की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया गया।

आयोग ने गांधीजी की हत्या से संबंधित पहले गठित समितियों और आयोगों की रिपोर्टों का भी अध्ययन किया। इसकी रिपोर्ट 1969 में आई, लेकिन दुबे का दावा है कि इसे 1977 तक सार्वजनिक नहीं किया गया। उनके अनुसार, रिपोर्ट में अप्रत्यक्ष रूप से तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए थे। भाजपा सांसद ने तत्कालीन पुलिस जांच अधिकारी नागरवाला के कथित खुलासे के हवाले से 20 जनवरी 1948 की घटना का भी उल्लेख किया है।

कल्लाकुरिची की जिला कलेक्टर के मामले में एमके स्टालिन का टीवीके सरकार पर हमला

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कल्लाकुरिची की जिला कलेक्टर जे. पद्मजा और टीवीके विधायक सी. अरुल विग्नेश के बीच विवाद पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने टीवीके सरकार पर विवाद को दबाने का आरोप लगाया। एमके स्टालिन ने कहा कि अगर एक जिला कलेक्टर के साथ ऐसी स्थिति है, तो तमिलनाडु में रहने वाली आम महिलाओं के बारे में सोचकर ही चिंता होती है। एमके स्टालिन ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को जिला कलेक्टर को बुलाकर उनसे बात करनी चाहिए थी। उन्हें यह भरोसा दिलाना चाहिए था कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

बंगाल में बेरोजगार युवाओं को मिलेगा मासिक भत्ता, गोहत्या पर सरकार सख्त: दिलीप घोष

कोलकाता, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के मंत्री दिलीप घोष ने राज्य सरकार के फैसलों, बेरोजगार युवाओं के लिए भत्ते की घोषणा, प्रदेश के नाम को लेकर विवाद, नेपाल के साथ भारत के संबंधों और राहुल गांधी के इजरायल संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए ज्यादातर वादों को लागू किया जा चुका है। बेरोजगार युवाओं के लिए अगले साल से मासिक भत्ता देने की व्यवस्था भी जल्द लागू होगी। इसके तहत ग्रेजुएट युवाओं को 1500 रुपए और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।

दिलीप घोष ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र में की गई ज्यादातर घोषणाओं को लागू किया जा चुका है। कुछ विषयों पर काम बाकी था, जिनमें बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने की व्यवस्था भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि पहले साल में इसे लागू करना संभव नहीं हो पाया, लेकिन अगले साल से बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। ग्रेजुएट युवाओं को हर महीने 1500 रुपए और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2000 रुपए दिए जाएंगे। इस प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी मिल चुकी है और मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा भी कर दी है। इसे जल्द



लागू किया जाएगा।

राज्य का नाम बदलने के फैसले पर दिलीप घोष ने कहा कि नाम नहीं बदला गया है। उन्होंने कहा कि बंगाली भाषा में जिस तरह पश्चिम बंगाल लिखा जाता है, उसी नाम को सभी भाषाओं में लिखा जाना चाहिए। उन्होंने भारत के नाम का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारत को इंडिया नाम दिया था, जिसे वह गलत मानते हैं। जी-20 के दौरान प्रधानमंत्री के सामने भारत नाम लिखे होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में देश का नाम भारत होना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को मध्य प्रदेश कहा जाता है, तो बंगाल के नाम के साथ अलग व्यवहार क्यों हो। उनके मुताबिक, राज्य का नाम पश्चिम बंग ही लिखा जाना चाहिए।

गोहत्या के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि वर्षों से चल रही कथित धर्मनिरपेक्षता के कारण हिंदुओं के मन में इस विषय को लेकर दुख रहा है। भाजपा सरकार ने इस दिशा में कानून लागू कर दिया है। जरूरत पड़ने पर गोवध पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाया जाएगा।

तमिलनाडु के नौ जिलों में भारी बारिश का पूवार्नुमान, बुधवार को भी 15 जिलों के लिए अलर्ट

चेन्नई, एजेंसी।

मौसम विभाग ने मंगलवार को तमिलनाडु के नौ जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया, जिनमें कुड्डालोर, कावेरी डेल्टा के जिले तंजावुर और तिरुवरुर तथा दक्षिणी तट पर थूथुकुडी शामिल हैं।

इसके अगले दिन बुधवार को भी 15 जिलों में बारिश का अनुमान है। मदुरै, डिंडीगुल और पश्चिमी पहाड़ियों के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश होने की बात कही गई है। मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, पुदुक्कोट्टई, शिवगंगा और रामनाथपुरम दूसरे पांच जिले हैं, जहां मंगलवार को भारी बारिश होने का पूवार्नुमान जताया गया।

विभाग ने कहा कि सभी नौ जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान, बिजली कड़कना और तेज



हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने इस बारिश का कारण कम दबाव के दो क्षेत्रों को बताया। इसमें एक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। दूसरा उत्तरी केरल से कर्नाटक तक तट के साथ फैला हुआ है।

चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टु और कांचीपुरम में मंगलवार को हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई। विभाग ने रानीपेट, वेल्लोर, तिरुपत्तूर और तिरुवन्नामलाई में भी बारिश का अनुमान जताया। दक्षिण में विल्लुपुरम और कल्लाकुरिची में भी ऐसे ही हालात रहने की संभावना जताई गई, जबकि पास के कुड्डालोर में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई।

सीएम डी.के. शिवकुमार ने जापान में कन्नड़ भाषी लोगों से की मुलाकात, 'माइशिमा इंसीनिरेशन प्लांट' का किया दौरा

बेंगलुरु, एजेंसी।

मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई है कि उन्होंने कन्नड़ भाषी लोगों और उनके परिवार के साथ मुलाकात की है। डी.के. शिवकुमार जापान की यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने बुलेट ट्रेन से नागोया से ओसाका की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, जापान की शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से नागोया से ओसाका की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने स्टेशन पर कन्नड़-भाषी लोगों और उनके परिवारों के साथ बातचीत की। इस बातचीत के जरिए उन्हें कन्नड़ समुदाय के लोगों से जुड़ने, उनका हाल-चाल जानने और जापान में रहने के उनके अनुभवों को सुनने का अवसर मिला।

सीएमओ ने आगे जानकारी दी कि इस यात्रा से जापान के अत्यंत



सुव्यवस्थित शिंकानसेन नेटवर्क, बेहतरीन कनेक्टिविटी और कुशल परिवहन बुनियादी ढांचे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। यह जानकारी कर्नाटक के लिए काफी उपयोगी है, जो अपने शहरी आवागमन और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को लगातार मजबूत कर रहा है।

उन्होंने राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान के ओसाका में माइशिमा इंसीनरेशन प्लांट का दौरा किया। यह दौरा वेस्ट-टू-एनर्जी तकनीक में दुनिया के बेहतरीन तरीकों को समझने और शहरी कचरा प्रबंधन के लिए टिकाऊ समाधान खोजने की सरकारी प्रयासों का हिस्सा है।

माइशिमा द्वीप पर स्थित यह प्लांट 2001 से काम कर रहा है। यहां दो इंसीनरेटरों (कचरा जलाने वाली मशीनों) के जरिए हर दिन 900 टन तक शहरी ठोस कचरे का प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) किया जाता है। 32 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला यह प्लांट कचरे से बिजली बनाता है, जिससे न केवल इसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी होती हैं, बल्कि बची हुई बिजली को ग्रिड में भी भेजा जाता है।

दीपम प्रज्वलित होने से पहले तिरुपरनकुंद्रम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मदुरै। कार्तिगई दीपम के अवसर पर मंगलवार को तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम से पहले मदुरै के तिरुपरनकुंद्रम और आसपास के क्षेत्रों में करीब 6,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी 12 पुलिस अधीक्षक (एसपी) कर रहे हैं। तैनात बल में पहाड़ी के तलहटी क्षेत्र में नियुक्त लगभग 1,800 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पहाड़ी पर उस दीप स्तंभ के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है, जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार दीपम प्रज्ज्वलित किया जाना है। वहीं, पहाड़ी की तलहटी में श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम लोगों के पहाड़ी पर चढ़ने पर 37 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। 37 घंटे की इस अवधि में पर्व का पूरा दिन और उसके अगले दिन की सुबह का समय शामिल है।

जम्मू-कश्मीर के सैन्य एयरबेस पर फिदायीन हमले की साजिश का खुलासा, मेरठ से जुबैर गिरफ्तार

मेरठ, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के सैन्य एयरबेस को निशाना बनाने के लिए कथित तौर पर फिदायीन हमले की तैयारी कर रहे एक युवक को मेरठ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र के बनियापाड़ा निवासी जुबैर कुरैशी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, जुबैर पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में था और जम्मू-कश्मीर के सैन्य एयरबेस पर हमले की साजिश रच रहा था। इस मामले में पांच अन्य युवकों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जुबैर को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए खुफिया ब्यूरो (आईबी), आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), इंटेलिजेंस और पुलिस की टीमों ने



उससे कई घंटे तक पूछताछ की।

शुरूआती पूछताछ में जुबैर ने जम्मू-कश्मीर के सैन्य एयरबेस पर हमले की तैयारी करने और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में रहने की बात बताई है। जांच में यह भी सामने आया है कि जुबैर जम्मू-कश्मीर में पकड़े गए आरोपी मोहम्मद साजिद के ऑनलाइन संपर्क में था। पुलिस को दोनों के पाकिस्तानी मोबाइल नंबरों के जरिए बातचीत करने और वहां से निर्देश मिलने से जुड़े इनपुट भी मिले हैं।

जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि दोनों के बीच किस तरह का संपर्क था और पाकिस्तान में बैठे लोगों से उन्हें क्या निर्देश दिए जा रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, करीब एक साल पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस जुबैर को पकड़ने के लिए मेरठ आई थी, लेकिन उस समय वह पुलिस को देखकर फरार हो गया था। इसके बाद से ही उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। सोमवार को उसकी गिरफ्तारी के बाद इस पूरे मामले में नए सिरे से जांच तेज कर दी गई है।

जुबैर की गिरफ्तारी की सूचना जम्मू-कश्मीर पुलिस को भी दे दी गई है। अब वहां की पुलिस भी मेरठ पहुंचकर उससे पूछताछ कर सकती है। जांच एजेंसियां जुबैर के संपर्कों, मोहम्मद साजिद से उसके रिश्तों और पाकिस्तान से संचालित कथित नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। हिरासत में लिए गए पांच अन्य युवकों से भी पूछताछ की जा रही है।

नील सरोवर धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। निष्कलंकी महाराज द्वारा स्थापित ओमकारेश्वर मंदिर नील सरोवर धाम पर मंगलवार को मेले का आयोजन किया गया। मेले में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। इसके साथ ही वाहनों का अधिक आवागमन होने से करनपुर मार्ग पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली। करनपुर मार्ग पर नील सरोवर घाट में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोग स्नान करके धर्म लाभ कमाते हैं। लगभग 30 वर्षों से पूर्व से ही नील सरोवर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों की संख्या में नील सरोवर घाट में विलय हुई श्री राम गंगा नदी में स्नान करने आते हैं। श्रद्धालुओं ने देवानंद देव स्वरूप महाराज 1008 के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। जहां स्नान के उपरांत लोग प्रसाद चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं मांगने आते हैं। कमलापुरी आश्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा रजिस्टर्ड के जिला अध्यक्ष नितिन गुर्जर ने खिचड़ी ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष आदेश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य विनोद सैनी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अनुज बिश्नोई, जिला महामंत्री सुनील चौहान, राजेंद्र सैनी, अंकित गुर्जर आदि मौजूद रहे। प्रातः 4रू00 बजे से ही श्रद्धालुओं ने श्री राम गंगा नदी में डुबकियां लगानी शुरू कर दीं। मेले में हजारों की संख्या में गांव गांव से ट्रैक्टर ट्राली से लोग पहुंचे मेले में पहुंचकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों ने भी झूलों पर झूल कर तथा जंपिंग पैड का पूरा लुफ्त उठाया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मेले में कई स्थानों पर छोटे-छोटे बच्चों का मुंडन का कार्य भी देखने को मिला। वहीं करनपुर मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। करीब एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला लेकिन प्रशासन व मेला कमेटी के लोगों ने व्यवस्था को सुधारते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। यहां पर कमेटी के अध्यक्ष आदेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर आदि कमेटी के पदाधिकारी समय-समय पर श्रद्धालुओं को निर्देशित कर रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एसडीएम मयंक कुंडू, सीओ सुनीता दहिया, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह,आदि के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। दूसरी ओर तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में भी विशाल मेले का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मेले में महिलाओं और बच्चों ने चांट पकौड़ी एवं लगाई गई दुकानों से खरीदारी की।





डॉलर दिलाने के नाम पर 8.48 लाख रुपये की ठगी के मामले में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई करने जा रहे बेटे के लिए डॉलर खरीदने के नाम पर एक महिला से 8 लाख 48 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के कस्बा सहसपुर निवासी हिना पत्नी फईम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कांठ के मोहल्ला पृथ्वीगंज निवासी गुड्डी पत्नी मोहम्मद आरिफ का उनके घर आना-जाना था। हिना का बेटा अल्फेज रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई करने जा रहा था, जिसके लिए उसे डॉलर की जरूरत थी। इस संबंध में गुड्डी ने अपने बेटे अनस के फोन-पे नंबर पर रुपये भेजने के बदले डॉलर दिलाने की बात कही। आरोप है कि 16 मार्च से 22 मार्च 2026 के बीच हिना के बेटे अल्फेज ने 12 बार में ऑनलाइन 6 लाख 48 हजार रुपये अनस के खाते में भेजे, जबकि गुड्डी ने दो लाख रुपये नकद भी ले लिए। इस तरह कुल 8 लाख 48 हजार रुपये देने के बावजूद डॉलर नहीं दिलाए गए। पीड़िता के अनुसार, जब उन्होंने अपने बेटे हमजा और भाई इमरान के साथ अनस के घर पहुंचकर रुपये वापस मांगे तो अनस की मां गुड्डी, पिता मोहम्मद आरिफ और भाई आमिर ने गाली-गलौंज करते हुए मारपीट की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने रुपये खर्च कर देने की बात कहते हुए जो करना हो कर लेने की बात कही और सभी को घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया। हिना ने बताया कि समाज के लोगों के माध्यम से भी रुपये वापस कराने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने रकम वापस नहीं की।

पीड़िता ने ऑनलाइन लेनदेन का विवरण संलग्न करते हुए अनस, गुड्डी, मोहम्मद आरिफ और आमिर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।



छोटी काशी शिवराजपुर में कार्तिक पूर्णिमा के ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की छोटी काशी व मंदिरों की नगरी शिवराजपुर में एक सप्ताह तक लगने वाला ऐतिहासिक व धार्मिक मेले का गंगास्नान के साथ मंगलवार से शुभारंभ हो गया। फतेहपुर सहित उन्नाव, हमीरपुर, बांदा, महोबा, रायबरेली, कानपुर नगर व कानपुर देहात सहित अन्य जनपदों के लोग भी मेले में पहुंच कर छोटी काशी में गंगा स्नान कर खूब खरीददारी कर रहे हैं। मेले में जहां एक ओर बच्चे झूलों का आनंद ले रहे हैं, वहीं महिलाएं मीना बाजार की शोभा बढ़ा रही हैं। पुरुष घर-गृहस्थी का सामान खरीद रहे हैं। मेले में झूला, सर्कस, कॉस्मेटिक, खिलौने, कपड़े, बर्तन, चाट, मूंगफली व केले की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई।

ओवरलोडिंग के चलते सड़क पर गिर रहा गन्ना, घंटों लगा जाम

उत्तम भारत संवाददाता

छजलैट। चीनी मिलों में गन्ना लेकर जा रहे ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक गन्ना लादने के कारण राहगीरों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ओवरलोड वाहनों से गन्ना सड़क पर गिरने के कारण जहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, वहीं यातायात भी बाधित हो रहा है। सोमवार को छजलैट स्थित करूला नदी पुल के पास गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से काफी मात्रा में गन्ना सड़क पर गिर गया। इससे सड़क पर जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक यातायात प्रभावित रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से गन्ना हटवाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारु हो सका। इस संबंध में एसडीएम ने गन्ना ढोने वाले वाहन चालकों को ओवरलोडिंग न करने की सख्त हिदायत दी है। इसके बावजूद ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



मुरादाबाद में धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव

मुरादाबाद। मुरादाबाद में गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। गुरुवाणी के मधुर नाद और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात करते नजर आए। गुरुद्वारों में सुबह से ही 'सतनाम श्री वाहेगुरु' के जयकारे और गुरबाणी की मधुर धुनें गूंज रही हैं। जिले के सभी गुरुद्वारों में सुबह से ही धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। गुरुद्वारों में अमृत वेला से ही पाठ आरंभ हो गया। संगत ने शीश नवाकर गुरु चरणों में मत्था टेका और अरदास की। प्रकाशोत्सव के अवसर पर शहर के गुरुद्वारों में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। ताड़ीखाना स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से 13 नवंबर से 23 नवंबर से तक प्रभातफेरी निकाली गई।

स्टीयरिंग फेल होने से बेकाबू हुई बस कूड़े के ढेर से टकराकर टला बड़ा हादसा

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। ठाकुरद्वारा से सुरजननगर जा रही एक निजी बस का ग्राम मानावाला के पास अचानक स्टीयरिंग फेल हो गया। इससे बस अनियंत्रित हो गई और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बस ग्राम मानावाला के पास पहुंची ही थी कि अचानक उसका स्टीयरिंग फेल हो गया। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तत्काल एक्सीलेटर से पैर हटा लिया और बस की गति धीमी करने का प्रयास किया। इसके बाद अनियंत्रित बस सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर से टकराकर रुक गई। गनीमत रही कि बस में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। हादसे के बाद यात्रियों और चालक ने राहत की सांस ली। चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया।



श्री गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरु द्वारा में चल रहे गुरु ग्रंथ साहेब के तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन किया गया। ज्ञानी मनिंदर सिंह एवं जोगिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, बीबी सतवन्त कौर,वीवी मनजीत कौर, वीवी रनवीर कौर द्वारा किए शबद कीर्तन और गुरुवाणी से संगत निहाल हो गई। मंगलवार को कांठ नगर स्थित गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम निशान साहेब को चोला पहनाया गया। सिख संगत ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ साहेब में माथा टेका। गुरुद्वारा साहेब में मुख्य ग्रंथि ज्ञानी मनिंदर सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संगत से आह्वान किया। ज्ञानियों ने मधुर वाणी में शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। अंत में संगत को लंगर छकते हुए प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा ने संगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामसराय की संगत के अलावा सेवादारी में सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक कृपाल सिंह चड्ढा, रविंद्र सिंह सेठ, जसप्रीत सिंह, मनजीत सिंह गांधी, ताजिन्दर सिंह, नवलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह गांधी, विक्की सिंह, हनी सिंह, लक्की सिंह, सुमिरन सिंह टीकम सिंह, परमजीत कौर, जसप्रीत कौर, अवनीत कौर आदि मौजूद रहे।

तुलसी विवाह में जरूरतमंद अंजू और आशीष का कराया शुभ विवाह

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी 'सखी ग्रुप' की ओर से तुलसी मैया और प्रभु शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी अंजू का आशीष के साथ विवाह कराकर समिति ने 75वां जरूरतमंद जोड़ा बसाने का पुनीत कार्य किया। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे फूलमती मंदिर से प्रभु शालिग्राम की बारात बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। बाराती नाचते-गाते शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री पोरवाल धर्मशाला पहुंचे। यहां सखी ग्रुप की सदस्यों ने बारात का भव्य स्वागत किया। इसके बाद आचार्य पं. अवध बिहारी शुक्ला ने वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ तुलसी मैया व प्रभु शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। इसी क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर राजपूत (लोधी) समुदाय के कृपाराम और रामाकांती की पुत्री अंजू का आशीष के साथ विवाह कराया गया।

रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने शुरू की बुकिंग एवं वितरण प्रक्रिया

उत्तम भारत संवाददाता

मुरादाबाद। रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज समय से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के बीज की बुकिंग एवं वितरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर प्रमाणित तोरिया, गेहूं, चना, मटर, अलसी तथा राईध्सरसों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीज की ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था भी की गई है। कृषि विभाग के पोर्टल पर किसानों द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार ऑनलाइन बीज की बुकिंग निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। जिन किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग की है, लेकिन अभी तक संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज प्राप्त नहीं किया है, उनसे अपील की गई है कि वे आगामी तीन दिवस के भीतर संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से अपना बीज प्राप्त कर लें। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद यदि निर्धारित अवधि में बुक किया गया बीज नहीं उठाया जाता है, तो संबंधित किसान का चयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा उस स्थान पर अन्य किसानों को बीज बुकिंग एवं प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।



मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान में अनुपस्थित मिले तीन बी एल ओ से जवाब तलब

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। ब्लॉक क्षेत्र के गांव मानपुर दत्तराम और फरीदनगर में तीन बी एल ओ को अनुपस्थित पाकर उपजिलाधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा ने उनका जवाब तलब किया है।

मतदाता सूचियां के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को बूथों पर मतदाताओं के वोट बनाने और त्रुटि सुधारने का अभियान जारी था। इसी दौरान उप जिला अधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा ने तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल के साथ बूथों का निरीक्षण किया तो पाया कि मानपुर दत्तराम में दो बी एल अनुपस्थित हैं। एक बी एल ओ का स्वास्थ्य अधिक खराब हो जाने की वजह से उसे एम्स में भर्ती होना बताया गया। उसके स्थान पर हेड मास्टर को बी एल ओ बनाया गया था वह भी अनुपस्थित पाए गए। जबकि फरीदनगर में भी एक बी एल ओ को अनुपस्थित पाया गया।उप अंजनी कुमार मिश्रा ने इन सभी का जवाब तलब कर लिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उधर रविवार को भी राजनीतिज्ञ मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ पर भेजने में जुटे रहे। बुढ़नपुर के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि चौधरी अयूब अली अभियान में सकारात्मक सहयोग करते नजर आए। कांग्रेस नगर अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद भी सक्रिय रहे।



पाइपलाइन बिछाने के बाद बदहाल हुईं की सड़कें

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। नगर में करीब तीन वर्ष पूर्व टोरेंट गैस कंपनी और स्वच्छ जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की आज तक समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। इसके चलते नगर की कई सड़कें बदहाल हैं और जगह-जगह गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। नगरवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद संबंधित कंपनी और ठेकेदारों ने सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता के साथ नहीं कराई। स्वच्छ जल पाइपलाइन से कई स्थानों पर पानी का रिसाव होने के कारण सड़कें धंस रही हैं। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नगरवासियों का कहना है कि सड़कों की पांच वर्ष की अनुरक्षण अवधि में क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने नगर पंचायत और संबंधित विभागों से सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराकर अच्छी गुणवत्ता की आरसीसी सड़कें बनवाने की मांग की है।



पूरनपुर में सपा के संकटमोचक बन सकते हैं मोतीराम

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच 129 पूरनपुर सुरक्षित सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर सियासी माहौल गरमाने लगा है।

इस दौड़ में दिवंगत पूर्व विधायक प्रीतम राम के सगे छोटे भाई मोतीराम की सक्रियता बढ़ने से पूरे पूरनपुर क्षेत्र में चुनावी चचाएं तेज हो गई हैं।समर्थकों और कार्यकताओं के बीच उनके नाम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि जमीनी पकड़, सुलभता और जनसेवा की परंपरा के चलते मोतीराम क्षेत्र में सबसे प्रभावी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। स्थानीय कार्यकताओं के अनुसार, मोतीराम न केवल क्षेत्र की जनता के बीच हर वक्त सक्रिय रहते हैं, बल्कि काफी समय से समाजवादी पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी विचारों का भी गांव-गांव प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार संवाद बनाए रखने के कारण आम जनता के बीच उनकी पहचान एक सहज और विश्वसनीय नेता की बनी हुई है।

समर्थकों का कहना है कि स्व. प्रीतम राम के सगे भाई होने और उनकी जनसेवा की राजनीतिक विरासत से सीधे जुड़े रहने के कारण मोतीराम को पूरनपुर के सामाजिक ताने-बाने और स्थानीय जरूरतों की गहरी समझ है।समर्थकों ने यह भी रेखांकित किया कि मोतीराम की पत्नी दो बार जिला पंचायत सदस्य चुनी जा चुकी हैं। कार्यकताओं का मानना है कि इस पारिवारिक अनुभव से मोतीराम को पंचायती राज, ग्रामीण ढांचे और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली का ठोस व्यावहारिक ज्ञान मिला है, जो भविष्य में क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने में अहम साबित हो सकता है।क्षेत्र के मतदाताओं और पार्टी कार्यकताओं का कहना है कि पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र को ऐसे प्रतिनिधि की जरूरत है, जो हर वर्ग के लिए आसानी से उपलब्ध हो और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता हो। समर्थकों के मुताबिक, मोतीराम का सरल स्वभाव, पार्टी के प्रति समर्पण और लगातार जमीनी सक्रियता उन्हें टिकट की दौड़ में अन्य दावेदारों के मुकाबले कहीं आगे खड़ा करती है। हालांकि, टिकट पर अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को जमीनी फीडबैक और सर्वे के आधार पर लेना है, लेकिन मोतीराम की सक्रियता से पूरनपुर में सियासी पारा चढ़ा हुआ है और समर्थकों का भरोसा उन पर मजबूत नजर आ रहा है।



गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गणेश जोशी ने गुरुद्वारे में टेका मत्था

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गढ़ी कैंट स्थित डाकरा गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समाज के लोगों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर गणेश जोशी ने कहा कि गुरु नानक देव ने सत्य, सेवा, समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर मानवता को नई दिशा दी। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को



एकता, सद्भाव और मानव सेवा के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' ईश्वर का स्मरण करने, ईमानदारी से कर्म करने और जरूरतमंदों के साथ संसाधन साझा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया। उनके विचारों को अपनाकर समाज में समानता, करुणा और आपसी भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान हैड ग्रंथी शुभम सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, जसवीर सिंह, चैतन सिंह और देवेंद्र पाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मसूरी विधानसभा में चुनावी हलचल तेज, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने ठोकी दावेदारी

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। विधानसभा चुनाव-2027 से पहले मसूरी की सियासत में दावेदारों की सक्रियता बढ़ने लगी है। पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरने के संकेत देते हुए अपनी दावेदारी पेश की है। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक गणेश जोशी के 15 वर्षों के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए विकास कार्यों को लेकर निशाना साधा।

गुनसोला ने सिविल अस्पताल, एलकेडी रोड, सिल्ला सरोना रोड



और सैनिक कल्याण मंत्री रहते हुए रोजगार के अवसरों जैसे मुद्दों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने पूर्व विधायक कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके समय में आईटीआई की स्थापना कराई गई थी और क्षेत्र के लिए कई योजनाएं स्वीकृत कराई गई थीं। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों और उपलब्धियों को लेकर वह दोबारा जनता के बीच जाएंगे।

मसूरी विधानसभा में अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर धीरे-धीरे दिलचस्प होती जा रही है। एक के बाद एक दावेदारों के सामने आने से राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और आने वाले दिनों में सियासी बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में चार दिवसीय शोध कार्यशाला का समापन



उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा की ओर से देहरादून परिसर में एमएजेएमएमसी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चार दिवसीय अनिवार्य शोध कार्यशाला का मंगलवार, 24 नवंबर को समापन हो गया। 21 से 24 नवंबर, 2026 तक आयोजित इस कार्यशाला का संचालन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल के निर्देशन में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध की अवधारणा, प्रक्रिया, पद्धति एवं व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना तथा उन्हें लघु शोध कार्य के लिए आवश्यक अकादमिक दक्षताएं प्रदान करना था।

चार दिवसीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ के रूप में धमानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय, नरेंद्र नगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरंचना सचदेवा, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष थलेड़ी, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अजय ढौंढियाल तथा संयुक्त निदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क निदेशालय, उत्तराखंड, डॉ. नितिन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को एक बेहतर लघुशोध तैयार करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

विशेषज्ञों ने सामाजिक अनुसंधान एवं शोध प्रविधि, शोध के तत्व एवं प्रकार, शोध संदर्भ एवं संदर्भ ग्रंथ सूची, संचार शोध में मीडिया और समाज की भूमिका, न्यू मीडिया एवं सामाजिक शोध, रिपोर्ट लेखन तथा लघु शोध निर्माण जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए। विद्यार्थियों को शोध प्रस्ताव (सिनॉप्सिस) तैयार करने, शोध डिजाइन, साहित्यिक चोरी (प्लेजरिज्म) से बचने तथा शोध में मौलिकता एवं नैतिक मूल्यों के पालन की जानकारी भी दी गई। समापन सत्र में विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल ने कहा कि शोध केवल अकादमिक उपाधि प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज और धरातल से जुड़े प्रश्नों का समाधान तलाशना भी होना चाहिए। शोध के निष्कर्षों का वास्तविक जीवन में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देना चाहिए, तभी उसकी सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शोध कार्य में मौलिकता, तथ्यपरकता, निष्पक्षता एवं शोध नैतिकता का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रो. राकेश चन्द्र रयाल एवं संयुक्त निदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क निदेशालय, उत्तराखंड, डॉ. नितिन उपाध्याय ने कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

पहाड़ों में अनियोजित निर्माण और पलायन बड़ी चुनौतीः डॉ. शैलेन्द्र

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। आरएसएस के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि उत्तराखंड में विकास के साथ पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और पर्वतीय क्षेत्रों की परिस्थितियों का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने पहाड़ों में अनियोजित निर्माण, पलायन और सीमांत गांवों के खाली होने पर चिंता जताते हुए तीर्थाटन और पर्यटन को अलग-अलग पहचान देने पर जोर दिया।



मंगलवार को विश्व संवाद केंद्र एवं विद्योत्तमा विचार मंच की ओर से तिलक रोड स्थित आरएसएस प्रांत कार्यालय में हिमालय हुंकार पाक्षिक पत्रिका के दीपावली विशेषांक उत्तराखंड और विकसित भारत का विमोचन किया गया। डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि पहाड़ों में पारंपरिक निर्माण शैली और पर्यावरण को ध्यान में रखकर ही भवन निर्माण होना चाहिए। दो मंजिला निर्माण के अनुकूल क्षेत्रों में सात-आठ मंजिला इमारतें बनना चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि पर्वतीय गांवों में रोजगार और बुनियादी सुविधाएं बढ़ाकर पलायन रोकने की जरूरत है। आयुष, कृषि, बागवानी और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय आजीविका के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। इस दौरान उत्तराखंड की 21 प्रेरक विभूतियों के जीवन पर आधारित डॉ. रक्षा रतूड़ी के काव्य संग्रह गढ़ ज्योति का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल, सचिव राजकुमार टांक, हिमालय हुंकार के संपादक रणजीत सिंह ज्याला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गुंडा एक्ट के तहत रोहित आर्या छह माह के लिए जिला बदर

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। नैनीताल पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काठगोदाम क्षेत्र निवासी रोहित आर्या को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। जिलाधिकारी और एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत यह कार्रवाई की गई।



पुलिस के अनुसार, रोहित आर्या पुत्र प्रेम राम निवासी नवाड़खेड़ा, गौलापार के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के चलते जिला बदर के आदेश जारी किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए उसे नैनीताल जिले की सीमा से बाहर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2024 और 2025 में आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गुरु रविदास जयंती पर समरसता संदेश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश लेकर निकली समरसता संदेश यात्रा का उत्तराखंड में भव्य स्वागत किया गया। कुल्हाल से देहरादून तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने



पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने भी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा संयोजक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों से समाज को समानता, प्रेम और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से मुक्त समाज की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को केवल नारों तक सीमित न रखकर व्यवहार में अपनाना जरूरी है। यात्रा का कुल्हाल, हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, झाझरा, प्रेमनगर, घंटाघर, आराघर चौक, फव्वारा चौक और रिस्पना सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लाल सिंह, कैबिनेट मंत्री खजान दास, राज्य मंत्री बलबीर घुनियाल, महेंद्र भट्ट, दीप्ति रावत भारद्वाज, हरीश चमोली, मथुरा दत्त जोशी, कमलेश रमन सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं का कारोबार

एसटीएफ और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई

उत्तम भारत संवाददाता

रुड़की। मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। औषधि विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई में टीम ने जनता मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर 682 ट्रामाडोल युक्त कैप्सूल और 600 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की हैं।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि



मेडिकल स्टोर से बिना वैध लाइसेंस नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त की जा रही है। इस पर एसटीएफ टीम ने औषधि निरीक्षक हरीश सिंह के साथ छापेमारी की। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। आरोपी दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण के लाइसेंस और चिकित्सकीय पर्चे से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद (26) पुत्र गुलफाम निवासी राजपुताबा, थाना बहादराबाद, हरिद्वार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने नशीली दवाएं खरीदकर फुटकर में बेचने और मुनाफा कमाने की बात स्वीकार की। एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ थाना गंगनहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसटीएफ निरीक्षक भवानी शंकर पंत, उपनिरीक्षक दीपक मैठाणी, कांस्टेबल प्रदीप, दीपक नेगी और औषधि निरीक्षक हरीश सिंह शामिल रहे। एसटीएफ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

एनबीडब्ल्यू में वांछित वारंटी को लोहाघाट पुलिस ने घर से दबोचा

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चम्पावत पुलिस को सफलता मिली है। लोहाघाट थाना पुलिस ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर 2026 को लोहाघाट पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए धारा 106, 291 और 324 बीएनएस के मामले में वांछित रमेश चन्द्र भट्ट निवासी ग्राम अमोड़ी, जिला चम्पावत को उसके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। चम्पावत पुलिस का कहना है कि जिले में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रेम सिंह यादव का नागरिक अभिनंदन

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर मंगलवार को ग्राम मुंडिया पिस्तौर में प्रेम सिंह यादव का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रेम सिंह यादव का जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र शर्मा, ग्राम प्रधान हरमीत सिंह और क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित कुमार ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर नवनिर्मित टाइल्स रोड का विधिवत लोकार्पण किया। सम्मान से अभिभूत प्रेम सिंह यादव ने सभी का आभार जताते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

काठगोदाम में तीन लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री के मिशन ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काठगोदाम क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 नवंबर को एसओजी और काठगोदाम पुलिस की संयुक्त टीम ने कैनाल रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान भास्कर तिवारी उर्फ भानु (32) पुत्र कैलाश चंद्र तिवारी, निवासी सेंट पॉल स्कूल के पीछे, काठगोदाम के रूप में की है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली काठगोदाम में मुकदमा संख्या 144/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

नौगांव में 3.17 ग्राम स्मैक के साथ 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत उत्तरकाशी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय युवक को 3.17 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पुरोला की नौगांव चौकी पुलिस टीम नौगांव क्षेत्र में सौली खड्ड के समीप चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 3.17 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान अमीन (21) के रूप में हुई। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान को लगातार प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे की तस्करी और इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि देवभूमि को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। केशोवाला मोड़ निवासी बनवारी लाल पुत्र केशवराम ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर बताया कि 12 नवंबर 2026 की शाम करीब छह बजे वह राय मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति और अनियंत्रित होकर आ रही कार संख्या वड18ञ्ञ296 ने उनकी बाइक संख्या वढ21उए3566 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बनवारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में तीन जगह फ्रैक्चर होने की बात तहरीर में कही गई है। स्थानीय लोगों ने उन्हें सिद्धि विनायक अस्पताल, रामराज रोड बाजपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने काशीपुर के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार उपचार में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। 19 नवंबर को उन्होंने बाजपुर कोतवाली में तहरीर देकर संबंधित कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

उत्तराखंड में गुलदारों का बढ़ता आतंक, कभी भी कर रहे हमला

उत्तम भारत संवाददाता

कोटद्वार। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में गुलदारों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन हो या रात, गुलदार कभी भी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों पर हमला कर रहे हैं। ताजा घटना कोटद्वार के कोटड़ीढांग क्षेत्र की है, जहां सोमवार को जंगल में घास लेने गई 42 वर्षीय महिला को गुलदार ने हमला कर मार डाला। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटड़ीढांग निवासी कविता कोठियाल (42) पत्नी कमल किशोर सोमवार को जंगल में घास लेने गई थीं। इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में गुलदार के हमले की यह पांचवीं घटना है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद गुलदार के आतंक से निजात नहीं मिलने पर ग्रामीणों में रोष है। पौड़ी क्षेत्र में भी गुलदार के हमलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पौड़ी से करीब छह किलोमीटर दूर खांद्यू सैण के पास पांच वर्षीय बालिका को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक को भी आक्रोशित ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदारों की बढ़ती सक्रियता के कारण महिलाओं का खेतों



में काम करना मुश्किल हो गया है। बच्चों को अकेले घर से बाहर भेजने में भी लोग डर रहे हैं। कोटद्वार में नवंबर माह के दौरान वार्ड नंबर तीन के स्नेह तल्ली इलाके में भी तेंदुए ने आठ वर्षीय बच्ची पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। लगातार आबादी वाले क्षेत्रों में गुलदारों की मौजूदगी से शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों के लोग भयभीत हैं। पहाड़ों में गुलदारों के हमलों का सिलसिला नया नहीं है। पूर्व के वर्षों में पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक के कोटा गांव में गुलदार ने दस वर्षीय बालक अभिषेक को मार डाला था। जानकारी के अनुसार, मेहरबान सिंह का बेटा अभिषेक अपनी मां सुनीता देवी के साथ घर की छत पर सो रहा था। छत पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। रात करीब 12:30 बजे गुलदार छत पर पहुंचा और बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले गया। जब तक परिवार के लोगों को घटना का पता चला, तब तक गुलदार बच्चे को लेकर जा चुका था। ग्रामीणों ने रात में ही उसकी तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। बाद में बच्चे का अधखाया शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में मिला था। इसी तरह अल्मोड़ा तहसील क्षेत्र के गांवों में भी तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। पूर्व में पोखरी सुनाड़ी गांव में दिनदहाड़े तेंदुए ने 15 वर्षीय किशोर पर हमला कर उसे घायल कर दिया था।

मामूली विवाद में भाई-बहन पर रिवाल्वर से फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

रायवाला। मामूली विवाद में भाई-बहन पर रिवाल्वर से गोली चलाने के आरोपी को रायवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में दोनों भाई-बहन बाल-बाल बच गए, जबकि आरोपी ने उनकी कार पर भी फायरिंग की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवाल्वर और चार खोखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इंटर कॉलेज रोड हरिपुरकलां निवासी शिवम लिंगवाल ने 23 नवंबर को रायवाला कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 10 बजे धर्मपाल उर्फ मुन्ना उनके घर के सामने पहुंचा और वहां खड़ी उनकी मोटरसाइकिल तथा पड़ोसी की कार को लात मारने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि शिवम और उनकी बहन ने जब उसे गाली देने से मना किया तो वह आक्रामक हो गया और जेब से रिवाल्वर निकालकर उन पर फायरिंग कर दी। दोनों किसी तरह बाल-बाल बच गए। इसके बाद आरोपी ने उनकी कार संख्या वड08ळअ-9578 पर भी गोली चला दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 24 नवंबर को आरोपी धर्मपाल निवासी इंटर कॉलेज रोड, हरिपुरकलां को गिरफ्तार कर लिया।

भारत-यूरोपीय संघ एफटीए से व्यापार, निवेश के नए अवसर खुलेंगे: जर्मनी के राज्य प्रमुख

नई दिल्ली (एजेंसी)। जर्मनी के एक राज्य के प्रमुख ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों पक्षों के बीच निवेश, व्यापार और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

भारत और 27 सदस्यीय इस समूह के बीच एफटीए के लिए बातचीत जनवरी में पूरी हो गई थी और दिसंबर में इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

जर्मनी के लोअर सैक्सोनी राज्य के मिनिस्टर-प्रेसीडेंट (प्रमुख) ओलाफ लीस ने सोमवार को



कहा कि प्रस्तावित समझौते से भारत में निवेश करने की इच्छुक उनके राज्य की कंपनियों के साथ ही जर्मनी में अवसर तलाश रहे भारतीय व्यवसायों को भी लाभ होगा।

राज्य संसद के सदस्यों सहित लगभग 60 राजनीतिक और व्यावसायिक प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लीस ने सोमवार को भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू की।

वह अपनी यात्रा के दौरान दिल्ली, पुणे और मुंबई में बैठकें करेंगे। लीस ने नई दिल्ली स्थित जर्मनी के दूतावास में एक सभा को संबोधित करने के बाद कहा कि एफटीए "हमारे देशों के बीच अधिक निवेश, अधिक व्यापार और अधिक कारोबार के लिए एक बड़ा अवसर है।"

उन्होंने कहा, "मुझे भरोसा है कि इस साल के अंत तक एफटीए को लेकर कोई समाधान निकल आएगा।"

लोअर सैक्सोनी जर्मनी के 16 राज्यों में से एक है और देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित है, जिसकी सीमा उत्तरी सागर से लगती है। इसकी राजधानी हनोवर है। करीब 81 लाख से अधिक की आबादी के साथ यह क्षेत्रफल के लिहाज से जर्मनी का दूसरा सबसे बड़ा और जनसंख्या के लिहाज से चौथा सबसे बड़ा राज्य है।

दिसंबर के पहले सप्ताह में बाजार में दस्तक देंगे दो आईपीओ

नई दिल्ली (एजेंसी)। दो कंपनियां मोनोमार्क इंजीनियरिंग (इंडिया) लिमिटेड और मातंगी रबर लिमिटेड कारोबार विस्तार और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने के मकसद से दिसंबर के पहले सप्ताह में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार हैं। दोनों कंपनियों के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार मोनोमार्क इंजीनियरिंग का आईपीओ दो दिसंबर को खुलेगा और चार दिसंबर को बंद होगा, जबकि मातंगी रबर का सार्वजनिक निर्गम एक दिसंबर से तीन दिसंबर तक अभिदान के लिए उपलब्ध रहेगा।

मातंगी रबर के लिए एंकर निवेशकों की बोली 30 नवंबर को होगी,



जबकि मोनोमार्क इंजीनियरिंग अपने सार्वजनिक निर्गम खुलने से एक दिन पहले एक दिसंबर को एंकर निवेशकों के लिए बोली आयोजित करेगी।

इसके अलावा, खाद्य सेवा क्षेत्र में काम करने वाली फूडलिंक एफएंडबी होल्डिंग्स (इंडिया) लिमिटेड 26 नवंबर को अपना आईपीओ लाएगी, जबकि निजी इक्विटी फर्म एवरस्टोन कैपिटल समर्थित विविध चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच इंटेग्रिस मेडटेक 27 नवंबर को अपना सार्वजनिक निर्गम पेश करेगी।

जियो 24 नवंबर से चुनिंदा प्लान में दैनिक डेटा इस्तेमाल की सीमा हटाएगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो अपनी ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्ल पेशकश के तहत 24 नवंबर से चुनिंदा प्लान में डेटा इस्तेमाल की सीमा हटाने जा रही है। कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जियो 399 रुपये और 3,999 रुपये के प्लान में प्रतिदिन 2.5 जीबी 5जी या 4जी डेटा इस्तेमाल की सीमा हटा देगी। इन प्लान की वैधता क्रमशः 28 दिन और 365 दिन है।

कंपनी एक और दो दिन की वैधता वाले 15 रुपये और 25 रुपये के ऐड-ऑन प्लान भी पेश कर रही है।

सूत्रों ने कहा, "अनलिमिटेड डेटा की सुविधा वाले 399 रुपये और 3,999 रुपये के प्लान तथा 25 रुपये वाला



अनलिमिटेड 5जी ऐड-ऑन प्लान (15 रुपये वाला प्लान पहले से उपलब्ध है) 24 नवंबर से देशभर में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से रिचार्ज के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें मायजियो ऐप, जियो डॉट कॉम, जियो स्टोर और खुदरा विक्रेता शामिल हैं।" इस पेशकश के तहत 3,999 रुपये के प्लान में 12 महीने का कैनवा प्रो लाइट सब्सक्रिप्शन, जियोहॉटस्टार मोबाइल और जियो टीवी के जरिये हॉलीवुड तथा फैनकोड का सब्सक्रिप्शन शामिल है। इसके अलावा जियोएआईक्लाउड पर 50 जीबी मुफ्त क्लाउड स्टोरेज भी मिलेगा। सूत्रों ने बताया कि कोई भी ग्राहक इन प्लान को ले सकता है। ग्राहक के मौजूदा प्लान की वैधता समाप्त होने के बाद नई सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐड-ऑन प्लान में डाउनलोड की कोई सीमा नहीं होगी और न ही इंटरनेट की गति कम की जाएगी। इन प्लान में डेटा इस्तेमाल की भी कोई सीमा नहीं होगी। जियो 50 रुपये का नाइट डेटा प्लान भी पेश करेगी। यह प्लान 26 नवंबर से कंपनी के सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों पर रिचार्ज के लिए उपलब्ध होगा।

रबर बोर्ड की नीतियां कीमतों में गिरावट के लिए जिम्मेदार नहीं, आयात पर कोई छूट नहीं: अध्यक्ष

कोट्टायम (केरलम) (एजेंसी)। रबर बोर्ड ने सोमवार को उन आरोपों को खारिज किया कि उसकी नीतियां रबर की कीमतों में उतार-चढ़ाव के लिए जिम्मेदार हैं। बोर्ड ने यह भी कहा कि रबर के निर्बाध आयात की खबरें गलत और भ्रामक हैं।

रबर बोर्ड के अध्यक्ष एन हरि ने यहां संवाददाताओं से कहा कि बोर्ड हमेशा रबर किसानों को उचित कीमत दिलाने के लिए काम करता रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि हाल के बाजार उतार-चढ़ाव से पहले रबर की कीमत 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी, जो अब घटकर 272 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है।

हरि ने कहा कि रबर एक वैश्विक



जिंस है और इसकी कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले बदलावों से प्रभावित होती हैं।

शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज की कीमतें वैश्विक रबर बाजार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में शामिल हैं। इसके अलावा सट्टेबाजी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती का भी कीमतों पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, बाजार विशेषज्ञों को रबर की कीमतों में बड़ी गिरावट की आशंका नहीं है।

बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि कीमतों की स्थिति पर चर्चा करने के लिए बोर्ड जल्द ही केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इसके लिए वह दिल्ली जाएंगे।

कोयला मंत्रालय ने खनिज अनुदान नियम 1960 में किया संशोधन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोयला मंत्रालय ने खनिज अनुदान नियम, 1960 में संशोधन किया और मान्यता प्राप्त अन्वेषण एजेंसियों तथा खनन योजना तैयार करने वाली एजेंसियों की मान्यता अवधि तीन से 5 साल तक बढ़ा दी है।

कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया है कि मंत्रालय ने 17 नवंबर, 2026 की जीएसआर 999(ई) अधिसूचना के द्वारा खनिज अनुदान (तृतीय संशोधन) नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं। इसके तहत मान्यता प्राप्त अन्वेषण एजेंसियों (एपीए) और खनन योजना तैयार करने वाली एजेंसियों (एमपीपीए) के लिए मान्यता चक्र को तीन से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये सुधार आवधिक मूल्यांकनों और पुनः मान्यता प्रक्रियाओं की संख्या कम करेगा, जिससे मान्यता प्राप्त एजेंसियों को बार-बार मूल्यांकन और मान्यता में लगने वाला समय बचेगा। मंत्रालय ने बताया कि मान्यता की लंबी वैधता भूवैज्ञानिक रिपोर्ट और खनन योजनाओं की तैयारी में निरंतरता सुनिश्चित करेगी, जो कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों के संचालन में लाने के लिए आवश्यक शर्तें हैं।

कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह सुधार कोयला क्षेत्र में व्यापार करने में सरलता और विश्वास-आधारित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हिंडाल्को के प्रबंध निदेशक बने रहेंगे सतीश पई

नई दिल्ली (एजेंसी)। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को सतीश पई को फिर से अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने और हेमंत सिक्का को उप प्रबंध निदेशक बनाने की घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, पई का पुनर्नियुक्ति कार्यकाल एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2028 तक रहेगा। वहीं, सिक्का की नियुक्ति अगले साल चार जनवरी से प्रभावी होगी।

सिक्का महिंद्रा समूह से हिंडाल्को में शामिल होंगे। वह फिलहाल महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। इसके अलावा वह



महिंद्रा एंड महिंद्रा के समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य भी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि सिक्का, पई और हिंडाल्को की नेतृत्व टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। भारत में कंपनी के कारोबार की जिम्मेदारी धीरे-धीरे उन्हें सौंपी जाएगी।

रिजर्व बैंक ने एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक को महत्वपूर्ण बैंक की श्रेणी में बरकरार रखा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण घरेलू बैंक (डी-एसआईबी) की श्रेणी में बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक ने आज जारी एक अधिसूचना में एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को वर्ष 2026 के लिए भी प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण घरेलू बैंकों (डी-एसआईबी) की सूची में रखा गया है। आरबीआई ने यह अपडेट 31 मार्च, 2026 तक के डेटा के आधार पर जारी किया है और इनका वर्गीकरण तथा पूंजी नियम 2025



की तरह ही अपरिवर्तित हैं।

आरबीआई ने कहा कि इन तीनों बैंकों को पूंजी संरक्षण बफर के अलावा जोखिम के आधार पर तय परिसंपत्तियों (आरडब्ल्यूए) के अनुपात में अतिरिक्त पूंजी को रखनी होगी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह समीक्षा 31 मार्च, 2026 तक बैंकों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। अधिसूचना में एसबीआई को जोखिम के आधार पर तय परिसंपत्तियों के अनुपात में 0.80 फीसदी अतिरिक्त ह्यकॉमन इक्विटी टियरह्ल-1 (सीईटी-1) पूंजी रखनी होगी। एचडीएफसी बैंक के लिए यह जरूरत 0.40 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के लिए 0.20 फीसदी है। ह्यकॉमन इक्विटी टियरह्ल बैंक की मुख्य पूंजी होती है। इसमें मुख्य रूप से नकद और शेयर शामिल होते हैं।

आरबीआई ने घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) से जुड़े नियमों की रूपरेखा पहली बार 22 जुलाई, 2014 को जारी किया था। इसमें 28 दिसंबर, 2023 को संशोधन किया गया।

मनोरंजन

काली खेती के लिए शरद केलकर ने की जैकी श्रॉफ की तारीफ

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता शरद केलकर इन दिनों हॉरर-थ्रिलर फिल्म काली-खेती को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने अपने सह-कलाकार जैकी श्रॉफ की फेवरेट परफॉर्मेंस के बारे में बताया। शरद केलकर ने कहा कि फिल्म गर्दिश में जैकी श्रॉफ का अभिनय उनकी ऑल-टाइम फेवरेट परफॉर्मेंस है। अभिनेता ने कहा, फिल्म गर्दिश मेरी ऑल-टाइम फेवरेट है। फिल्म ही नहीं, बल्कि इसके गाने भी। मैंने ऐसा कोई इंसान नहीं देखा, जिसे गर्दिश अच्छी फिल्म न लगी हो। यह एक शानदार फिल्म थी। मुझे लगता है, अगर मैं गलत नहीं हूं तो यह उनकी भी फेवरेट फिल्म होगी। यह एक कल्ट फिल्म है।

अभिनेता ने बताया कि बचपन से ही वह अपने आइकन के साथ काम करने की इच्छा रखते थे और काली खेती ने उन्हें अपने आइडल के साथ काम करने का मौका दिया।



उन्होंने कहा, मैं जैकी के साथ काम करना चाहता था। सिर्फ एक अभिनेता के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक इंसान के तौर पर वह जैसे हैं, वैसे। हम दोनों का स्वभाव काफी मिलता-जुलता है। हमारी आवाजें भी काफी मिलती हैं। यह एक कमाल का कॉम्बिनेशन है, जो उन्होंने सोचा था। पूरी टीम बहुत अच्छी थी। जब आप मॉनिटर पर देखते हैं, तो कभी-कभी ऐसा लगता है कि इतने सालों बाद हम भी जानते हैं, हम यह करेंगे, हम वह करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, हर फ्रेम में मुझे लगा कि ग्रेडिंग की कोई जरूरत नहीं है, कलर करेक्शन की कोई जरूरत नहीं है, किसी भी चीज की जरूरत नहीं है। आपको लगता है कि फिल्म ऐसी ही दिखेगी, और वह ऐसी ही दिखेगी। यह एक शानदार अनुभव था।

हारिस इम्तियाज खान द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म में जैकी श्रॉफ (किशन), शरद केलकर (रोहित), नेहा सरगम (राधा), वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। सना खान द्वारा ब्लैक कैनवास स्टूडियो के बैनर तले निर्मित फिल्म ह्यकाली खेतीह्ल 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। दर्शकों की तरफ से फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

दिल्ली में कैसे मनाते थे गुरु नानक जयंती अर्जन बाजवा ने सुनाए दिलचस्प किस्से

मुंबई (एजेंसी)। गुरु नानक जयंती के मौके पर अभिनेता अर्जन बाजवा ने इस खास दिन से जुड़ी बचपन की कई खूबसूरत यादें साझा की। उन्होंने बताया कि इस मौके पर वह स्कूल के दिनों में लाल किले से चांदनी चौक तक निकलने वाले बड़े जुलूस में शामिल हुआ करते थे। गुरुद्वारे जाना, घर को रोशनी से सजाना और स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेना उनके लिए इस त्योहार का खास हिस्सा हुआ करता था।

अर्जन बाजवा ने बचपन को याद करते हुए बताया, ह्यजब भी मैं गुरु नानक जयंती के बारे में सोचता हूं, तो सबसे पहले स्कूल के दिन याद आते हैं। उस समय दिल्ली में लाल किले से लेकर चांदनी चौक तक एक बहुत बड़ा जुलूस निकला करता था, जिसमें हम शामिल होते थे। यह दिन गुरुद्वारे जाने, घर को



रोशनी से सजाने और दीप जलाने का होता था। स्कूल में भी किसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। इसके साथ ही दिल्ली में कड़ाके की सर्दियों का मौसम भी शुरू हो जाता था। उन्होंने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर बात करते हुए कहा, उन्होंने समाज में फैले ऊंच-नीच और जाति के भेदभाव को खत्म करने का संदेश दिया था। उन्होंने अलग-अलग वर्गों और आर्थिक स्थिति के लोगों को एक साथ लाने का काम किया। गुरु नानक देव जी ने किसान से लेकर राजा तक सभी को एक समान समझने की सीख दी। अर्जन बाजवा ने लंगर की परंपरा का उदाहरण देते हुए बताया, यहां दुनिया का सबसे बड़ा व्यक्ति हो या कोई साधारण किसान, सभी एक ही जगह जमीन पर बैठकर भोजन करते हैं। सिख धर्म में सभी इंसानों को बराबर समझने की भावना है। यही गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं की सबसे खास बात है, जो आज भी लोगों को एक-दूसरे से जोड़ती है। उन्होंने कहा, ह्यअगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में इन सभी बातों को अपनाते हैं और हर चीज के लिए आभार जताते हैं, तो आपका नजरिया अपने आप गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के करीब पहुंचने लगता है।

स्वर्ण मंदिर में ऐसा क्या महसूस हुआ कि रो पड़े कबीर बेदी ? गुरु पर्व पर शेयर की खास याद

मुंबई (एजेंसी)। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर दिग्गज अभिनेता कबीर बेदी ने अपनी एक खास याद सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की सुबह के समय की एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की और बताया कि वहां का आध्यात्मिक माहौल उन्हें और उनके साथ मौजूद लोगों को इतना छू गया था कि सभी की आंखों में आंसू आ गए। इसके साथ ही उन्होंने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए लोगों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं भी दी। कबीर बेदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हरमंदिर साहिब यानी स्वर्ण मंदिर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ह्यमैं अपनी पिछली स्वर्ण मंदिर यात्रा की एक याद साझा कर रहा हूं। यह तस्वीर सुबह की रोशनी में ली गई थी। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा ने हम सभी को भावुक कर दिया था



और हमारी आंखों में आंसू आ गए थे। गुरु बाबा नानक जी का आशीर्वाद हमेशा आप सभी पर बना रहे। अभिनेता ने आगे गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने लिखा, ह्यगुरु नानक देव जी के पवित्र गुरुपर्व के अवसर पर उनकी समानता, करुणा, विनम्रता और सेवा की शिक्षाएं हम सभी को सही रास्ता दिखाएं और प्रेरित करें। आइए, हम उनकी ओर से दिए गए इक ओंकार के संदेश को याद करें, जिसका अर्थ है कि पूरी सृष्टि का रचयिता एक है और समस्त सृष्टि उसी का रूप है। सभी को प्यार और शुभकामनाएं। बता दें कि गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने पूरी दुनिया को एकता, भाईचारे, समानता और एक ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया। उनकी शिक्षाओं में जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी इंसानों को बराबर समझने की बात कही गई है।

हर साल कार्तिक महीने की पूर्णिमा को उनकी जयंती यानी गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। इसे प्रकाश पर्व और गुरुपर्व के नाम से भी जाना जाता है।

खेल

सेंचुरियन में बांग्लादेश के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

सेंचुरियन (एजेंसी)। बांग्लादेशी टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर स्पोर्ट पार्क में जारी टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में अपने नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज करवा बैठी। मेहमान टीम मुकाबले की पहली पारी में सिर्फ 91 रन पर ढेर हो गई, जो सेंचुरियन में इस टीम का न्यूनतम स्कोर है।

बांग्लादेश की टीम नवंबर 2008 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 36.4 ओवरों में महज 131 रन पर सिमट गई थी। हालांकि, वो मैच की तीसरी पारी थी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश का टेस्ट पारी में न्यूनतम स्कोर 53 है, जो उसने मार्च 2022 में डरबन में



बनाया था।

ऐसा चौथी बार है, जब बांग्लादेशी टीम साउथ अफ्रीका के विरुद्ध शतक पूरा करने से पहले सिमट गई। बांग्लादेश अप्रैल 2022 में साउथ अफ्रीका के विरुद्ध सिर्फ 80 रन पर ढेर हो गई थी। यह मैच ग्केबेर्हा में खेला गया, जबकि सितंबर 2017 में पोटचेफस्ट्रूम में खेले गए मुकाबले में यह टीम सिर्फ 90 रन पर सिमट गई थी।

सेंचुरियन में जारी सीरीज का यह अंतिम मुकाबला निर्णायक है, क्योंकि पहले मैच को मेजबान साउथ अफ्रीका अपने नाम कर चुकी है। सेंचुरियन में जारी मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी बांग्लादेशी टीम पहली पारी में सिर्फ 91 रन पर सिमट गई। इस पारी में महफिजुल इस्लाम ने सर्वाधिक 23 रन बनाए, जबकि तौहीद हिरदॉय ने 19 रनों का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से कगिसो रबाडा ने 23 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि मार्को जानसेन ने 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इनके अलावा, एनरिक नॉर्त्जे ने 2 विकेट अपने नाम किए।

ईस्ट बंगाल एफसी ने किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक को 1-0 से हराया

कोलकाता (एजेंसी)। इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2026/27 में सोमवार को मौजूदा चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक को 1-0 से मात दी। कल्याणी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में युगांडा की फॉरवर्ड रेस्टी नान्जिरी ने इस कड़े मुकाबले में निर्णायक गोल किया। मैच के दौरान दोनों ही टीमों को गोल करने के कई मौके मिले।

ईस्ट बंगाल ने मैच की शुरूआत में ही शानदार खेल दिखाते हुए दूसरे मिनट में गोल कर बढ़त बना ली। फजिला इक्वापुट ने बाईं ओर से बेहतरीन दौड़ लगाते हुए गेंद को अपनी साथी खिलाड़ी रेस्टी नान्जिरी तक पहुंचाया, जिन्होंने कोई गलती नहीं की और अपनी टीम को आगे कर दिया।

जवाब में, किकस्टार्ट एफसी ने लगातार दबाव बनाया और गोल करने के कुछ मौके भी बनाए। 15वें मिनट में, होलाली अतिवोर ने किरण पिसदा को एक बेहतरीन ह्यथ्रू बॉलह्ल दी, लेकिन किरण गोल करने में नाकाम रहीं। दूसरी तरफ, 21वें मिनट में इक्वापुट के पास ईस्ट



बंगाल एफसी की बढ़त को दोगुना करने का मौका था, लेकिन मैबम लिंथोइंगाम्बी देवी ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। हाफ टाइम के ठीक पहले किकस्टार्ट एफसी के पास बराबरी करने का सबसे अच्छा मौका था, जब अतिवोर गोलकीपर के बिल्कुल सामने थीं। लेकिन तभी एबेना अनोमा ओपोकू ने एक शानदार टैकल करके ईस्ट बंगाल की बढ़त को बचाए रखा और टीमें इसी स्कोर के साथ हाफ टाइम में गईं।

33.3 ओवरों में बांग्लादेश सिर्फ 91 रन पर ढेर, साउथ अफ्रीका ने बनाई मैच में पकड़



सेंचुरियन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर स्पोर्ट पार्क में जारी दूसरे टेस्ट मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। बारिश से प्रभावित मुकाबले के पहले दिन बांग्लादेश को महज 91 रन पर ढेर करने के बाद साउथ अफ्रीका ने 1 विकेट खोकर 88 रन बना लिए हैं। सेंचुरियन में बारिश के कारण टॉस में काफी देरी हुई, जिसके चलते पूरे दिन में सिर्फ 50.3 ओवर फेंके जा सके। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेशी टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 33.3 ओवरों का सामना कर सकी।

मेहमान टीम की शुरूआत खराब रही। तंजीद हसन तमीम (3) उस समय आउट हुए, जब टीम के खाते में सिर्फ 6 रन जुड़े थे। इसके बाद मोमिनुल हक ने टीम को संभालने की कोशिश की। उन्होंने महफिजुल इस्लाम (23) के साथ दूसरे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की, जिसके बाद छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को 60 के स्कोर तक पहुंचाया।



दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व

नई दिल्ली में गुरु नानक देव की 557वीं जयंती, गुरुपर्व के अवसर पर बंगला साहिब गुरुद्वारे की रोशनी का विहंगम दृश्य। फोटो : अम्लान पालीवाल

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के साथ ही गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के समापन समागमों की तैयारियां

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में मुख्य समागम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर माथा टेका। उधर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता की सेवा, ईमानदारी और मेहनत से कमाई करने का संदेश दिया। गुरु साहिब की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाती हैं। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के साथ ही गुरु तेग बहादुर साहिब के

देशभर में 15 दिसंबर तक किए जाएंगे कार्यक्रम

350वें शहीदी दिवस के समापन समागमों की तैयारियां भी की जा रही हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 27 नवंबर को गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में विशाल कवि दरबार आयोजित किया जाएगा, जबकि 29 नवंबर को आगरा स्थित गुरुद्वारा गुरु का ताल से नगर कीर्तन दिल्ली पहुंचेगा। 30 नवंबर से छह दिसंबर तक गुरु साहिब की चरण स्पर्श प्राप्त वस्तुओं के साथ दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में नगर कीर्तन सजाए जाएंगे।

सात दिसंबर को वर्ल्ड सिख कॉन्क्लेव होगा, जिसमें विश्वभर में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले सिखों को सम्मानित किया जाएगा। 12, 13 और 14 दिसंबर को लाल किले पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें लाइट एंड साउंड शो भी शामिल होंगे। वहीं 14 दिसंबर को गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब तक नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जबकि 15 दिसंबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में विशेष दीवान सजाए जाएंगे।

कराची की सड़कों पर सैलाब, मुनीर के खिलाफ सड़कों पर उतरे सिंधी



इस्लामाबाद, एजेंसी। रंग-बिरंगी सजी पाकिस्तानी बसों में सवार, पारंपरिक सिंधी अजरक स्कार्फ और टोपियां पहने हजारों सिंधी राष्ट्रवादी पाकिस्तान की व्यावसायिक राजधानी कराची की सड़कों पर उतर आए। वे सिंध के प्रस्तावित बंटवारे का विरोध कर रहे थे। यह एक ऐसा कदम है जिसे आसिम मुनीर के नेतृत्व वाला सैन्य तंत्र मौजूदा प्रांतों को काटकर नए प्रांत बनाने के लिए उठा रहा है। सिंधी राष्ट्रवादी संगठन जेय सिंध मुत्तहिदा महाज ने पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से शक्तिशाली प्रांत, पंजाब की आर्थिक नाकेबंदी करने की धमकी दी। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने सिंधुदेश के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि सिंध की अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। सिर्फ कराची में ही नहीं, बल्कि पूरे सिंध में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। राष्ट्रवादी संगठनों और उनके नेताओं ने पाकिस्तान सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और पंजाब के दबदबे वाले सत्ता तंत्र पर उनकी मातृभूमि को टुकड़ों में बांटने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। आगे और भी विरोध-प्रदर्शन होने हैं और विरोधी गुट एक साथ रैलियां करने की योजना बना रहे हैं, जिससे कराची की सड़कों पर टकराव का डर बढ़ता जा रहा है।

सिंध में विरोध-प्रदर्शन तब शुरू हुए जब मुनीर के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान में

उठी अलग सिंधुदेश की मांग

नए प्रांत बनाने का प्रस्ताव रखा। सिंध-केंद्रित पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो-जरदारी ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

उन्होंने शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार जिसमें उनकी पार्टी भी शामिल है। उसको चेतावनी दी कि सिंध को बांटने की कोई भी कोशिश न की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ, तो सिंध के लोग हथियार उठा सकते हैं और कराची तथा हैदराबाद की सड़कों पर खून-खराबा हो सकता है।

हालांकि अभी पाकिस्तान में चार प्रांत हैं, लेकिन योजना मंत्री अहसान इकबाल ने इनकी संख्या बढ़ाकर 12 से 15 करने की बात कही है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 22 नवंबर को कहा कि जनमत संग्रह पर चल रही चर्चा 2026 के अंत तक एक ठोस रूप ले सकती है। सिंधी राष्ट्रवादियों का तर्क है कि सिंध केवल पाकिस्तान का कोई प्रांत या प्रशासनिक इकाई नहीं है। यह उनकी ऐतिहासिक मातृभूमि है, जिसकी अपनी एक अलग सभ्यता, भाषा और सांस्कृतिक पहचान है, जो पाकिस्तान के बनने से भी बहुत पहले से मौजूद है।

सिंधी राष्ट्रवादी सड़कों पर उतरे, पूरे सिंध में विरोध प्रदर्शन फैले

पाकिस्तानी अखबार बिजनेस रिकॉर्डर की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को कराची में जेय सिंध रहबर कमेटी के बैनर तले हजारों प्रदर्शनकारियों ने लाल झंडे लेकर मार्च निकाला। चार सिंधी राष्ट्रवादी पार्टियों का एक गठबंधन है। इस मार्च का नेतृत्व जेय सिंध महाज के चेयरमैन रियाज अली चंडियो, नियाज कलानी और अन्य राष्ट्रवादी नेताओं ने किया।

वकीलों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भी इन प्रदर्शनों में हिस्सा लिया, जिसके चलते कराची में कई सड़कें कुछ समय के लिए बंद कर दी गईं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, नेताओं ने प्रस्तावित जनमत संग्रह को खारिज कर दिया। उनका तर्क था कि इसका इस्तेमाल सिंध के बंटवारे से जुड़े पहले से तय फैसले को वैध बनाने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका अभियान उर्दू भाषी निवासियों या अन्य जातीय समुदायों के खिलाफ नहीं है।

जहाज में झांका तो हुआ बवाल, फिर आई सीक्रेट कॉल, कैसे बाल-बाल बचा भारत!

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

समंदर के बीचों-बीच एक ऐसा खतरनाक जहाज पकड़ा गया है जो अगर नहीं पकड़ा जाता तो भारत बहुत बड़ी मुश्किल में फंस जाता। यह भगवान का शुक्र है कि किसी अज्ञात ताकत ने करोड़ों भारतीयों को बचा लिया है। हैरानी की बात देखिए कि कई लोग तो अब यह दावा कर रहे हैं कि यह अज्ञात ताकत कहीं भारत ही तो नहीं है। दरअसल इंडोनेशिया की नौसेना ने चीन से बांग्लादेश जा रहे एक जहाज को



दबोच लिया है। बांग्लादेश जा रहे इस चीनी जहाज में 405 टन सोडियम क्लोराइड मिला है। यह खतरनाक केमिकल अगर बांग्लादेशी जिहादियों के हाथ लग जाता, तो आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि भारत को कितना नुकसान होता। इंडोनेशियाई नौसेना के एक अधिकारी के मुताबिक जब्त किए गए केमिकल से करीब 100 मिसाइलें बनाई जा सकती हैं। इस जहाज से लाखों बिना रजिस्ट्रेशन वाले 4जी सिम कार्ड्स भी मिले हैं। यानी भारत के खिलाफ एक बहुत बड़ा षड्यंत्र होने वाला था। मगर किसी ने इंडोनेशिया की नौसेना को यह खबर दे दी कि जब यह जहाज आपके देश के पास आए तो उसे दबोच लेना।

बहरहाल अब इस बात की जांच की जा रही है कि बांग्लादेश में यह सामान चीन से किसने मंगवाया था। हैरानी की बात देखिए कि चीन का यह जहाज बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह पर आने वाला था। बांग्लादेश का मोंगला बंदरगाह भारतीय सीमा से सिर्फ 80 कि.मी. दूर स्थित है। यह बांग्लादेशी जिहादी ना जाने 100 मिसाइलें बनाकर क्या करना चाहते थे। बहरहाल अब कई लोग दावा कर रहे हैं कि इंडोनेशिया की नौसेना को यह अज्ञात इंफॉर्मेशन हो सकता है भारत ने दी हो। क्योंकि भारत पहले चीन के ऐसे कई जहाजों को खुद दबोच चुका है। इसीलिए भारत की पैनी नजर चीन के जहाजों पर लगी रहती है। 2024 में भारत ने इसी एक चीनी जहाज को पकड़ा था। उस जहाज में भी ढाई हजार किलो से ज्यादा एक खतरनाक केमिकल था। जिसका इस्तेमाल आंसू गैस के गोले बनाने और प्रदर्शन कर रहे लोगों को तड़पाने के लिए किया जाता था। लेकिन ऐन वक्त पर भारतीय नौसेना ने इस चीनी जहाज को पाकिस्तान जाने से रोक दिया। पाकिस्तान इस खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल आजादी मांग रहे पीओके और बलूचिस्तान के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ करने वाला था। मगर भारत ने पीओके और बलूचिस्तान के लोगों को बचा लिया।

इसी तरह से 3 फरवरी 2020 को भारत ने एक और चीनी जहाज को पाकिस्तान जाने से रोक दिया था। उस जहाज में मिसाइल के हिस्से बनाने में इस्तेमाल होने वाली एक बड़ी मशीन मिली थी। 2025 में ऐसे तीन और चीनी जहाज पकड़े गए, जो ईरान को मिसाइल और बम बनाने का केमिकल पहुंचा रहे थे।

इसके अलावा 2026 में तो सऊदी अरब पर हमला करने वाले हूं विद्रोहियों तक चीनी जहाज रॉकेट मोटर के हिस्से और मिसाइल को दिशा देने वाले पुरजे पहुंचाने वाला था। मगर यमन की सरकार ने उस चीनी जहाज को पकड़ लिया।

डेटा सुरक्षा को लेकर भारतीय सेना सख्त सैन्यकर्मियों के लिए 87 ऐप हुए बैन

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

भारतीय सेना ने अपने सभी कर्मियों (जिनमें सैनिक, जवान और अधिकारी शामिल हैं) के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें उन्हें सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित 87 मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया गया है। एडवाइजरी में सैन्य कर्मियों को चेतावनी दी गई है कि वे अपने मोबाइल डिवाइस पर इन एप्लिकेशन का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे डेटा सुरक्षा से जुड़े जोखिम हो सकते हैं और संवेदनशील जानकारी का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।

बैन किए गए ऐप्स नाम की इस सूची में कई तरह के एप्लिकेशन शामिल हैं, जैसे कि मैसेजिंग, वीडियो होस्टिंग, ई-कॉमर्स, गेमिंग, डेटिंग और सोशल डिस्कवरी, सोशल नेटवर्किंग, कंटेंट शेयरिंग, समाचार, वेब ब्राउजिंग और यूटिलिटी एप्लिकेशन। इसमें मैसेजिंग, शॉपिंग, सोशल नेटवर्किंग, मनोरंजन और ऑनलाइन बातचीत के लिए इस्तेमाल होने वाले कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इस सूची में फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक, पबजी, टिंडर, बम्बल, शीन, अलीएक्सप्रेस, जूम और वाइबर जैसे नाम शामिल हैं। इस एडवाइजरी का उद्देश्य सैन्य कर्मियों द्वारा इन एप्लिकेशन के इस्तेमाल से पैदा होने वाले संभावित सुरक्षा जोखिमों को कम करना और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा करना है।

एआई के दौर में युवाओं को कौशल से लैस करने पर जोर

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी का एक लेख साझा किया है। इसमें देश में कौशल विकास पर बढ़ते जोर और कौशल प्रशिक्षण को युवाओं के लिए करियर के पसंदीदा विकल्प के रूप में स्थापित करने के महत्व को रेखांकित किया गया है। लेख में बताया गया है कि सरकार की विभिन्न पहल युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में उभर रहे नए अवसरों के लिए तैयार कर रही हैं।

विश्व कौशल एशिया 2027 और पीएम-सेतु पहल का उल्लेख

जयंत चौधरी ने अपने लेख में आगामी विश्व कौशल एशिया 2027, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करने की पीएम-सेतु पहल और उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण को मजबूत करने के प्रयासों का



उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि इन पहलों के माध्यम से युवाओं को बदलती तकनीक और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

एआई के दौर में युवाओं को नए अवसरों के लिए तैयार करने पर जोर

लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव के बीच युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करना जरूरी है। कौशल प्रशिक्षण को करियर के एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में स्थापित करने से युवाओं के लिए रोजगार और नए अवसरों के रास्ते खुल सकते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, भारत अपनी कौशल विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर ले जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कौशल विकास पर देश के बढ़ते ध्यान और कौशल प्रशिक्षण को करियर के पसंदीदा विकल्प के रूप में अपनाने के महत्व के बारे में लिखा है।

पोस्ट में आगे कहा गया कि जयंत चौधरी ने आगामी विश्व कौशल एशिया 2027, आईटीआई को उन्नत करने की पीएम-सेतु पहल और उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण को मजबूत करने के प्रयासों का उल्लेख किया है। उन्होंने यह भी बताया है कि किस तरह ये पहल युवाओं को एआई के दौर में उभरते अवसरों के लिए तैयार कर रही हैं।

इस चाणक्य ने पलट दी राजनीतिक बाजी

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

पुराने सहयोगियों का राजनीतिक मिलन शायद ही कभी रातों-रात हो जाता है। पुराने साथियों के फिर से सार्वजनिक रूप से एक साथ आने से पहले, महीनों तक कई तरह के हिसाब-किताब, गुप्त बातचीत और चुनावी



आकलन का दौर चलता है। पंजाब में बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल के गठबंधन का फिर से बहाल होना भी इससे अलग नहीं था। इस मिलन की रूपरेखा तैयार करने और इसके लिए माहौल बनाने की जिम्मेदारी जिन लोगों को सौंपी गई थी, उनमें गुजरात से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भरोसेमंद सिपहसालार, सी.आर. पाटिल भी शामिल थे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और गुजरात के नवसारी लोकसभा क्षेत्र से चार बार के भाजपा सांसद पाटिल को 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने में एक अहम भूमिका दी गई है। माना जाता है कि अन्य नेताओं के अलावा, पाटिल ही वह व्यक्ति हैं जिन्होंने आंकड़ों के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन के पक्ष में तर्क दिया था। पाटिल का प्रधानमंत्री मोदी के साथ लंबे समय से राजनीतिक जुड़ाव रहा है; वे पहली बार 1995 में गुजरात में उनके संपर्क में आए थे। वे प्रधानमंत्री मोदी के भरोसेमंद संगठनात्मक सहयोगियों में से एक बन गए और 2014 में प्रधानमंत्री के पद संभालने के बाद, उन्हें वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पाटिल के जमीनी आकलन और सर्वेक्षण के नतीजों ने अकाली दल को वापस शिअद में शामिल करने के पक्ष को मजबूत किया। उनका काम भाजपा की चुनावी संभावनाओं का आकलन करना और यह जांचना था कि क्या अकाली दल के साथ फिर से जुड़ने से इस सीमावर्ती राज्य में पार्टी के लिए सत्ता में वापसी का रास्ता मजबूत हो सकता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने खेला क्रिकेट



मंगलवार को नई दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में श्रीमती शशि प्रभा सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के पहले मैच के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टीम और सुप्रीम कोर्ट के पत्रकारों की टीम के बीच टॉस के समय, यूर्यकांत के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव भी मौजूद थे। फोटोः अम्लान पालीवाल

सोनिया गांधी ने 15 दिन में माफी नहीं मांगी तो कोर्ट में अवमानना याचिका

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के प्रपौत्र ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। यह नोटिस हाल ही में प्रकाशित संस्मरण बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव में स्वतंत्रता सेनानी के बारे में की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भेजा गया है। इसमें बिना शर्त माफी, स्पष्टीकरण और बयानों में सुधार की मांग की गई है। सत्याकी सावरकर की ओर से वकील संग्राम कोल्हटकर द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में, किताब के पृष्ठ 201 और 443 पर दिए गए बयानों पर आपत्ति जताई गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ये बयान तथ्यों के लिहाज से गलत, ऐतिहासिक रूप से गुमराह करने वाले, तोड़-मरोड़ कर पेश किए गए हैं और इनसे वीडी सावरकर की प्रतिष्ठा और विरासत को

वीर सावरकर मामले पर विवाद

नुकसान पहुंचता है। सत्याकी सावरकर ने चेतावनी दी है कि अगर सोनिया गांधी 15 दिनों के भीतर इस नोटिस का जवाब नहीं देती हैं, तो वह उनके खिलाफ अदालत में अवमाननायाचिका दायर करेंगे।

सत्याकी के वकील संग्राम कोल्हटकर के अनुसार, यह कानूनी नोटिस दिल्ली में सोनिया गांधी के आवास पर डाक और ईमेल, दोनों माध्यमों से भेजा गया है। अपने संस्मरण में, सोनिया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सावरकर की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी, जो उनके औपनिवेशिक आका थे। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अंग्रेजों के हाथों हमले और जेल की सजा झेली थी। वे लिखती हैं, जब कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजों के हाथों हमले और जेल की सजा झेल रहे थे, तब संघ के प्रमुख विचारक



विनायक दामोदर सावरकर अपने औपनिवेशिक आकाओं को दया याचिकाएं लिख रहे थे, और उनके सदस्य मुखबिर के तौर पर ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर रहे थे। वे आगे कहती हैं, संघ ने हमेशा कांग्रेस और उसके मूल्यों को हिंदू राष्ट्र बनाने की अपनी योजना में सबसे बड़ी रुकावट माना है - एक ऐसा राष्ट्र जहाँ अन्य धर्मों के लोग दूसरे दर्जे के नागरिक बन कर रह जाएं। उनके मुख्य विचारकों ने अपने लेखों और भाषणों में हिटलर और अल्पसंख्यकों को लेकर उसकी नीतियों की प्रशंसा की थी।

शिवसेना ने कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता की संस्मरण पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस पुस्तक में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को लेकर कुछ टिप्पणियां की गई हैं। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शिवसेना के कई नेताओं ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने सावरकर के अपमान पर एक शब्द भी नहीं कहा है। इसके बजाय, उन्होंने कांग्रेस से यह किताब स्वीकार कर ली है। शिवसेना नेताओं ने कहा कि गांधी ने अपनी किताब में सावरकर का अपमान किया है।

बांग्लादेश अवामी लीग का ऐलान,16 दिसंबर को आ रही हैं जननेता हसीना



नई दिल्ली,एजेंसी। क्या बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना स्वदेश लौटने की पूरी तैयारी कर चुकी हैं, क्या उन्होंने दिन तय कर लिया है? इन सवालों का जवाब उनके दल ने मंगलवार को दिया। बांग्लादेश अवामी लीग ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट डाली हैं, जिनमें 16 दिसंबर को आ रही हैं जननेता और जय बांग्ला लिखा गया है।

बांग्लादेश अवामी लीग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी तस्वीर के साथ बांग्ला में लिखा, 16 दिसंबर तय, तैयार रहो बांग्लादेश, जय बांग्ला। दूसरी पोस्ट में जनता को बताया गया,जननेता 16 दिसंबर को बांग्लादेश पहुंच रही हैं। 16 दिसंबर का दिन बांग्लादेश के लिए काफी अहम है। 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ मुक्ति संग्राम में जीत हासिल की थी। पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने आत्मसमर्पण किया था। मुक्ति वाहिनी बांग्लादेश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले लोगों का संगठन था। मंगलवार की इन पोस्ट्स से पहले रॉयटर्स न्यूज एजेंसी ने वतन वापसी की तारीख बताई थी।